**समस्तीपुर मण्डल अंतर्गत दिनांक 17.01.2024 को माननीय संसद सदस्यों के साथ बैठक के कार्यवृत |**

## उपस्थित माननीय सांसदों के नाम

1. माननीया सांसद श्रीमती रमा देवी, – **अध्यक्ष**
2. माननीय सांसद श्री सुनील कुमार पिंटू
3. माननीय सांसद श्री रामप्रीत मंडल
4. माननीय सांसद श्री रामनाथ ठाकुर (RS)
5. माननीय सांसद श्री दिलेश्वर कामैत
6. माननीय सांसद श्री सुनील कुमार
7. माननीय सांसद श्री चौधरी महबूब अली कैसर
8. माननीय सांसद श्री गोपाल जी ठाकुर
9. माननीय सांसद श्री प्रदीप कुमार सिंह
10. माननीया सांसद श्रीमती वीणा देवी
11. माननीय सांसद डॉ. संजय जायसवाल
12. माननीय सांसद श्री दिनेश चन्द्र यादव
13. माननीय सांसद डॉ. अशोक कुमार यादव
14. माननीय सांसद श्री अजय निषाद
15. माननीय सांसद श्री संतोष कुमार

## माननीय सांसद के प्रतिनिधि

1. श्री राजीव वर्मा, प्रतिनिधि, श्री गिरिराज सिंह, माननीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, भारत सरकार
2. श्री तरुण कुमार, प्रतिनिधि, श्री नित्यानंद राय, माननीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकार
3. श्री विनय कुमार चौधरी, प्रतिनिधि, श्री प्रिंस राज, माननीय सांसद, समस्तीपुर|
4. श्री कुंदन कानू, प्रतिनिधि, श्री राकेश सिन्हा, माननीय सांसद (RS)
5. श्री विष्णुदेव सिंह यादव, प्रतिनिधि, डॉ. फैयाज अहमद, माननीय सांसद (RS)

## उपस्थित रेल अधिकारियों के नाम (मुख्यालय से)

1 श्री अनिल कुमार खंडेलवाल , महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर
2 श्री मनोज सिंह ,प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर
3 श्री शिव कुमार प्रसाद, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, पूमरे, हाजीपुर
4 डॉ. अमित गर्ग, प्रमुख मुख्य इंजिनियर, पूमरे, हाजीपुर
5 श्री रामजन्म, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण (उ0), पूमरे, हाजीपुर
6 श्री राजेंद्र कुमार चौधरी, प्रधान मुख्य विधुत इंजिनियर, पूमरे, हाजीपुर
7 श्री आशीष कुमार, मुख्य यात्री यातायात प्रबंधक, पूमरे, हाजीपुर
8 श्री विरेन्द्र कुमार, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूमरे, हाजीपुर
9 श्री अभिषेक कुमार, उप महाप्रबंधक(सामान्य), पूमरे, हाजीपुर
10 श्री सुमन कुमार सिंह, महाप्रबंधक के सचिव, पूमरे, हाजीपुर

## उपस्थित रेल अधिकारियों के नाम (मंडल से)

1. श्री विनय श्रीवास्तव, मंडल रेल प्रबंधक, समस्तीपुर
2. श्री आलोक कुमार झा ,अपर मंडल रेल प्रबंधक-II, समस्तीपुर
3. डॉ. श्रीप्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, समस्तीपुर |
4. श्री चंद्रशेखर प्रसाद, वरिष्ट मंडल वाणिज्य प्रबंधक, समस्तीपुर |
5. श्री संजय कुमार,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय), समस्तीपुर |
6. श्री वेद प्रकाश राम, वरिष्ट मंडल सिंग्नल एवं दूरसंचार इंजिनियर(जी), समस्तीपुर |
7. श्री राहुल देव वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूर संचार इंजिनियर ,समस्तीपुर |
8. श्री गणनाथ झा, वरिष्ट मंडल वित्त प्रबंधक, समस्तीपुर |
9. डॉ. नीलेश कुमार ,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, समस्तीपुर |
10. श्री प्रभात कुमार, वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर(सामान्य), समस्तीपुर |
11. श्री दिलीप पासवान, मंडल कार्मिक अधिकारी, समस्तीपुर |
12. श्री एस0जे0 ए0 जानी, मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेसूब, समस्तीपुर |

सर्वप्रथम, वरिष्ट मंडल वाणिज्य प्रबंधक महोदय द्वारा बैठक की शुरुआत की गई एवं निवेदन किया गया कि माननीय सांसद सर्वसम्मति से अध्यक्ष का मनोनयन करें। तत्पश्चात श्रीमती रामा देवी, माननीया सांसद सदस्य, (लोक सभा) शिवहर को बैठक का अध्यक्ष सर्वसम्मति से नामित किया गया। इसके उपरांत महाप्रबंधक महोदय द्वारा सभी सदस्यों को फूलों का गुलदस्ता, शॉल व मिथिला पेंटिंग उपहार स्वरुप भेट किया गया। इसके बाद महाप्रबंधक महोदय द्वारा स्वागत भाषण दिया गया।

माननीया अध्यक्ष महोदया श्रीमती रामा देवी के अध्यक्षता में बैठक की अगली कार्यवाही की गई। मण्डल रेल प्रबंधक, समस्तीपुर द्वारा मण्डल में हुये कार्यो एवं विकास की रूपरेखा के बारे में प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

माननीय सांसदो ने अपने सुझाव बैठक से पूर्व मण्डल में प्रेषित कर दिये थे तथा उनके अतिरिक्त कुछ अन्य सुझाव भी बैठक के दौरान दिये गये। पूर्व में प्राप्त सुझावो पर मण्डल द्वारा अभ्युक्ति नही दी गई थी। अतः सदस्यो ने इस पर आपत्ति जताई। नये सुझावो पर चर्चा की गई। अध्यक्ष महोदया द्वारा लिखित में दिये गये सुझावो एवं बैठक में दिये गये सुझावो को संज्ञान में लेकर रेलवे द्वारा अपनी अभ्युक्ति एवं आवश्यक कार्यवाही के विवरण को बैठक के कार्यवृत के साथ भेजने का निर्देश दिया गया। माननीय सांसदो द्वारा दिये गये सुझाव निम्न प्रकार है जिन पर आवश्यक कार्यवाही करते हुये मदवार अभ्युक्ति शीघ्र उपलब्ध कराई जायेगी।

## 1.0 श्रीमती रामा देवी, अध्यक्ष, माननीया सांसद (लोक सभा), शिवहर

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 1.1 | प्रथम चरण में सीतामढ़ी से शिवहर तक 28 कि० मि० नई रेल लाइन परियोजना का निर्माण हेतु रेलवे द्वारा 566 करोड़ रूपये राशि के स्वीकृति प्रदान की गई है। कृपया इसके शीघ्र निर्माण कार्य आरम्भ हेतु भूमि-अधिग्रहण में तेजी लेन के साथ ब्रिज निर्माण कार्य में गति लायी जाय। |
| 1.2 | जनहित में गाड़ी संख्या-17005/17006, गाड़ी संख्या -14007/14008 तथा गाड़ी संख्या-15547/15548 तथा गाड़ी संख्या 05565/05566 का ठहराव घोडासहन स्टेशन पर सुनिश्चित करायी जाय। |
| 1.3 | जनहित में गाड़ी संख्या-15655/15656, गाड़ी संख्या-14017/14018 तथा गाड़ी संख्या-22551/22552 का ठहराव बैरगनिया एवं घोड़ासहन स्टेशन पर सुनिश्चित करायी जाय। |
| 1.4 | जनहित में गाड़ी संख्या-12545/12546 (रक्सौल-मुंबई) का ठहराव कुंडवा चैनपुर स्टेशन पर सुनिश्चित करायी जाय। |
| 1.5 | गाड़ी संख्या-13419/13420 तथा 15215/15216 का विस्तार सीतामढ़ी स्टेशन तक करायी जाय। |
| 1.6 | ढेंग स्टेशन पहुंच पथ रेलवे गुमटी एल० सी०-72 से एल० सी० 73 तक जर्जर स्थिति में है।संवेदक द्वारा 15 जनवरी 2024 से कार्य आरम्भ करने की बात कही गयी थी जो नहीं हुआ। |
| 1.7 | घोडासहन स्टेशन के पुरनहिया गुमटी के समीप अंडर पास निर्माण होने से घोडासहन बाजार में जाम की समस्या से निजात मिल सकती है। |
| 1.8 | घोडासहन स्टेशन पर पेय एंड यूज़ शौचालय की व्यवस्था करायी जाय। |
| 1.9 | कुंडवा चैनपुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओ का काफी ज्यादा अभाव है। यंहा पेय जल,बेंच,प्रतीक्षालय,शौचालय एवं यूरिनल की व्यवस्था के साथ-साथ लाइट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।यंहा यात्री शेड का निर्माण भी निधि के अभाव में नहीं हो रहा है। |
| 1.10 | गुरहनवा फ्लैग पर भी यात्री सुविधाओ का काफी ज्यादा अभाव है। यंहा पेयजल, बेंच,प्रतीक्षालय,शौचालय एवं यूरिनल की व्यवस्था के साथ-साथ लाइट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। इसके अलावा रोड भी क्षतिग्रस्त तथा जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिसका निर्माण अति आवश्यक है।यंहा प्रतिक्षालय के आभाव में महिलाओ को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। |
| 1.11 | गुरहनवा फ्लैग का प्लेट फॉर्म काफी नीचा है जिससे महिलाओ,बच्चे एवं वृद्धजनों को ट्रेन में चढ़ने - उतरने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। |
| 1.12 | ट्रेन संख्या-15515/15516 रक्सौल-दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन में दो एसी बोगी सहित कुल बोगी की संख्या बढ़ायी जाय तथा इसके समय सरणी में संशोधन करते हुए रक्सौल से खुलने का समय सुबह 5 बजे तथा दानापुर से खुलने का समय शाम 5 बजे किये जाय। |

## 2.0 श्री रामप्रीत मंडल, माननीय सांसद (लोक सभा), झंझारपुर

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 2.1 | झंझारपुर अंतर्गत झंझारपुर से लौकहा रेलवे लाइन का निर्माण के साथ-साथ सभी छोटे बड़े हाल्ट एवं स्टेशन पर भवन टिकट काउंटर के अलावा लौकहा से देश के अलग-अलग जगहों पर ट्रेन चलने की दिशा में पहल किया जाये। |

| | |
|---|---|
| 2.2 | झंझारपुर अंतर्गत झंझारपुर से लौकहा रेलवे लाइन सरदार वल्लभ भाई पटेल हाल्ट के समीप बायपास की दिशा में पहल किया जाये। |
| 2.3 | झंझारपुर अंतर्गत झंझारपुर से लौकहा रेलवे लाइन कमलपुर के समीप बायपास की दिशा में पहल किया जाये। |
| 2.4 | झंझारपुर अंतर्गत झंझारपुर से लौकहा रेलवे लाइन के अंतर्गत झंझारपुर लंगड़ा चौक (झंझारपुर) बरैल चौक (खुटौना) एवं खुटौना –लौकहा रोड में लौकहा स्टेशन से पहले गुमटी के समीप रेल ओवर ब्रिज की दिशा में पहल किया जाये। |
| 2.5 | घोघरडीहा रेलवे (पूर्व मध्य रेल) चौक से पूर्वी भाग एप्रोच रोड अंडर पास तक पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य में अभी तक काम नहीं हुआ है। |
| 2.6 | घोघरडीहा रेलवे (पूर्व मध्य रेल) आने जाने के लिए कोसी बाँध से लेकर पूर्वी अंडर पास तक पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य अभी तक काम नहीं हुआ है। |
| 2.7 | सहरसा से वाया झंझारपुर – सकरी होते हुए देश के अलग अलग जगहों के लिए ट्रेनों का संचालन के सम्बंधित है अभी तक कुछ भी जानकारी नहीं दिया गया है। |
| 2.8 | पूर्वोत्तर राज्य से चलने वाली राजधानी सुपर फ़ास्ट ट्रेन को सहरसा – सुपौल – झंझारपुर वाया दरभंगा होते हुए नई दिल्ली तक संचालन किया जाये। |
| 2.9 | खुटौना रेलवे (पूर्व मध्य रेल) पर रैक पॉइंट की स्थापना के दिशा में कारवाई हो। यह स्टेशन मुख्य व्यापारियों का केंद्र है। |
| 2.10 | झंझारपुर, राजनगर, खजौली रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन का दर्जा दिया जाये , एवं प्लेटफार्म का विस्तार किया जाये। |
| 2.11 | जयनगर रेलवे स्टेशन से खुटौना तक नई रेल बिछाने एवं विभिन्न ट्रेन को मार्ग विस्तार करने के सम्बन्ध में। |
| 2.12 | जयनगर से राउरकेला तक चलने वाली ट्रेन का बांद्रा तक मार्ग विस्तार किया जाये। |
| 2.13 | अमृतसर – दरभंगा जननायक एक्सप्रेस एवं अजमेर – पटना जियारत एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार जयनगर तक किया जाये। |
| 2.14 | जयनगर से टाटानगर होते हुए मुंबई सेंट्रल तक नई ट्रेन चलाई जाये। |
| 2.15 | जयनगर से देहरादून तक नई ट्रेन चलाई जाये। |
| 2.16 | सहरसा से वाया सकरी, झंझारपुर होते हुए देहरादून तक नई ट्रेन चलायी जाये। |
| 2.17 | घोघरडीहा रेलवे स्टेशन से निर्मली जाने वाली मुख्य सड़क तक पहुँच पथ से जोड़ने हेतु रेल विभाग से जरूरी अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवश्यक कारवाई करने के सम्बन्ध में अभी तक कारवाई नहीं हुआ है। दूरी लगभग (1 किमी ) |
| 2.18 | घोघरडीहा रेलवे स्टेशन एवं झंझारपुर रेलवे स्टेशन के बगल में जल जमाव की समस्या के निवारण से सम्बंधित है, इस पर अभी तक कारवाई नहीं हुआ है। |

| | |
|---|---|
| 2.19 | संसदीय क्षेत्र झंझारपुर के अंतर्गत समस्तीपुर रेल मंडल के अंतर्गत सकरी–निर्मली रेलखंड पर नेमुआ हाल्ट के समीप समपार रेल फाटक का निर्माण करने के सम्बन्ध में अभी तक कारवाई नहीं हुआ है । |
| 2.20 | सकरी से झंझारपुर भाया सहरसा एवं झंझारपुर से लौकहा के सभी रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर वृद्ध व दिव्यांग के लिए भी विशेष रेलवे द्वारा शौचालयों व हाई मास्क लाइट का निर्माण कराया जाये । |
| 2.21 | जयनगर, लौकहा, झंझारपुर रेलवे स्टेशन परिसर में 100 फीट ऊँचा तिरंगा लगाया जाये। |
| 2.22 | सकरी से भाया सहरसा एवं दरभंगा से भाया जयनगर एवं झंझारपुर से लौकहा के सभी रेलवे स्टेशन पर दो टिकट काउंटर (रेलवे रिजर्वेशन ) एवं सभी रेलवे हाल्ट पर एक टिकट काउंटर (रेलवे रिजर्वेशन ) चालू किया जाये ताकि यात्री को टिकट लेने में किसी तरह से दिक्कत न हो । |
| 2.23 | जयनगर रेलवे स्टेशन के समीप जल जीवन हरियाली योजना के तहत पेड़ पौधा और चबूतरा और चापाकल को तोडा गया, 10 नंबर वार्ड में महादलित टोला है इसको भी रेलवे के द्वारा बिना किसी नोटिस एवं सूचना के तोडा गया अभी इस पर कुछ भी निर्माण नहीं होना है, इसका जांच किया जाये । |
| 2.24 | जयनगर रेलवे स्टेशन परिसर में जहाँ पब्लिक का ठहराव है वहां पर एक भी शौचालय नहीं है जिस से यात्री को काफी कठिनाई होती है इस दिशा में कारवाई हो । |
| 2.25 | जयनगर रेलवे स्टेशन के समीप पटना गद्दी चौक से प्रखंड रोड तक ट्रको द्वारा सड़क जाम लगातार रास्ता में होने वाले आमजनों को कठिनाइयों से अवगत होकर पुराने लाइन वाली कच्ची सड़क को पक्कीकरण कर एफ. सी. आई. गोदाम तक उक्त रेलवे जमीन पर पीसीसी सड़क निर्माण कराया जाय जो जनहित में अहम् है \| |
| 2.26 | जयनगर रेलवे स्टेशन के समीप पुराने लाइन वाली कच्ची सड़क को पक्की करण कर एफ. सी. आई. गोदाम तक पीसीसी बनने हेतु नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (NOC) देने का कष्ट करे \| |
| 2.27 | दिनांक 17-12-21 को कमला बैराज जयनगर के सिलान्याश करने हेतु बिहार के मा. मुख्यमंत्री निबंधन कार्यालय से शहीद चौक जयनगर तक बड़ा ओवर ब्रिज बनाने हेतु निर्देश दिए थे,लेकिन अभी तक कोई भी पहल नही हुआ है इस दिशा में करवाई हो \| |
| 2.28 | जयनगर महेंद्र चौक (यूनियन टोला) से पटना गद्दी जयनगर के बीच ओवर ब्रिज के बीच इंडियन ट्रेन व नेपाली ट्रेन का रेल लाइन गुजरती है जिससे राहगीरों को काफी दिक्कत होती है यंहा पर या तो रेल ओवर ब्रिज या अंडर पास सड़क के निर्माण हेतु कार्यवाही हो\| |
| 2.29 | इंदौर से जयनगर एवं सहरसा तक गाड़ी चलने हेतु कार्यवाही किया जाय \| |
| 2.30 | मधुबनी रेलवे स्टेशन से आगे गौशाला रांटी रोड में गुमटी न०-13 के पास रेल ओवर ब्रिज का मुद्दा मैंने कई बार रखा हूँ लेकिन अभी तक उस पर करवाई नहीं हुआ है, जो जिला के सबसे अहम् गुमटी है और हमेशा जाम लगा ही रहता है, उसका अभी तक कार्यवाही का जानकारी साझा करते हुए निर्माण के दिशा में पहल किया जाय \| |
| 2.31 | ये रेल लाइन व्यापक जनहित एवं व्यवसायिक के साथ सीमावर्ती इलाका पड़ोसी देश नेपाल के दृष्टि से उक्त रेल लाइन अत्यंत उपयोगी है \| |
| 2.32 | 43 कि० मि० इस रेल खंड की दूरी : झंझारपुर-लौकहा रेल लाइन में झंझारपुर स्टेशन के बाद झंझारपुर बाजार हाल्ट, महरैल,चंदेश्वर स्थान हाल्ट, वाचस्पति नगर,बरहारा हाल्ट, खुटौना एवं लौकहा रेलवे स्टेशन है \| |

| | |
|---|---|
| 2.33 | लौकहा से 40 कि० मि० आगे झंझारपुर रेलवे स्टेशन एवं 42 कि० मि० आगे जयनगर रेलवे स्टेशन है जंहा ट्रेन पकड़ने में लगभग 10 से 15 लाख की आबादी के साथ-साथ मधुबनी जिला के आध हिस्सा झंझारपुर,अंधराठाढी, खुटौना,फुलपरास,बाबूबरही,लदनिया समेत अन्य कई प्रखंड को जोड़ने वाली मात्र एक रेलवे लाइन चालू नहीं होने से अतिपिछडा एवं गरीबो वाली इलाका में रेल विभाग को नुकसान के साथ-साथ अतिरिक्त खर्चे का भार भी उठाना पड़ता है \| |
| 2.34 | झंझारपुर-लौकहा रेल खंड में लौकहा स्टेशन तक रेल पटरी एलाइनमेंट का कार्य अंतिम चरण में है \| |
| 2.35 | झंझारपुर-लौकहा रेल खंड के बड़ी रेल लाइन पर 5 साल के बाद मालगाड़ी चली वही रेलगाड़ी की आवाज सुनकर सैकड़ो लोग रेल ट्रैक की ओर दौड़ पड़े यंहा पर ट्रेन चलना किसी भी सपना से कम नहीं है \| |
| 2.36 | लौकहा से नई दिल्ली ट्रेन चलने की दिशा में पहल किया जाय ये सब से अहम् होगा इस बॉर्डर क्षेत्र में \| |
| 2.37 | लौकहा से मुंबई ट्रेन चलाने की दिशा में सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देना का कष्ट करे \| |
| 2.38 | लौकहा से पटना ट्रेन चलाने की दिशा में सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देना का कष्ट करे \| |
| 2.39 | लौकहा स्टेशन पर पाथ,पिट,स्टेब्लिंग निर्माण हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करे \| |
| 2.40 | गरीब रथ एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाया जाय। |
| 2.41 | पिछली बैठक का दिया गया जबाब संतोषप्रद नहीं है। |

**3.0 श्री रामनाथ ठाकुर, माननीय सांसद, (राज्य सभा), समस्तीपुर**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 3.1 | समस्तीपुर/दरभंगा से वाया पाटलीपुत्र नई दिल्ली के लिये तेजस के तर्ज पर एक नई गाड़ी का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाये । |
| 3.2 | यात्रियो की सुविधा के लिये एक 13225/26 जयनगर - दानापुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस एवं 13021/22 रक्सौल-हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर दिया जाये । |
| 3.3 | मुक्तापुर रेलवे स्टेशर पर रैक प्वाइन्ट हो जाने के बाद रेलवे गुमटी पर घंटो प्रतीक्षा करनी पड़ती है, जाम की समस्या को देखते हुये रेल ओवरब्रीज निर्माण की नितांत आवश्यकता है। |
| 3.4 | मिथिलांचल के छात्र - छात्राओ को नीट एवं इंजीनियरिग की तैयारी के लिये कोटा में पढ़ने हेतु छात्र - छात्राओ के साथ-साथ अभिभावक को हो रही कठिनाई को देखते हुए दरभंगा से कोटा के लिये एक सुपरफास्ट ट्रेन चलाने की आवश्यकता है। |
| 3.5 | समस्तीपुर मण्डल से खुलने वाली अधिकांश गाड़ियो में साफ - सफाई के साथ - साथ यात्री सुविधा का अभाव है। |
| 3.6 | समस्तीपुर से नई दिल्ली के लिये सुपरफास्ट गाड़ी चलाई जाये । |

| | |
|---|---|
| 3.7 | समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 1 एवं 2 को अतिक्रमण मुक्त कर सौंदर्यीकरण किया जाये, गेट पर अनावश्यक रूप से जाम की स्थिति बनी रहती है। |
| 3.8 | 12947/48 अहमदाबाद एक्सप्रेस को सप्ताह में दो दिन समस्तीपुर से चलाने का प्रस्ताव दिया जाये । |
| 3.9 | जननायक एक्सप्रेस गाड़ी में अनारक्षित श्रेणी के साथ-साथ शयनयान एवं एसी कोच को जोड़कर चलाया जाये । |
| 3.10 | जयनगर से गया एक गाड़ी का परिचालन का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाये ताकि मिथिलांचल के लोगो को पिण्डदान के लिये गया जाने वाले रेल यात्रियो के साथ अन्य यात्रियो को भी सुविधा हो । |
| 3.11 | भेजे गये एजेण्डा पर जो अभियुक्ति दी जाती है वह कम से कम एक सप्ताह पहले मेल भेज दिया जाता तो हमलोग भी पढ़ कर आते। |
| 3.12 | समस्तीपुर स्थित अपूर्वा भोजनालय बंद है, इसे तत्काल चालू किया जाय। |

**4.0 श्री दिलेश्वर कामैत, माननीय सासंद (लोक सभा), सुपौल**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 4.1 | गाड़ी संख्या 05523/24 सहरसा सरायगढ़ (डेमु) को सहरसा से 14 बजे प्रस्थान करके इसका विस्तार तत्काल ललितग्राम तक किया जाये और वापसी में जनहित पर मेल हेतु 22.30 बजे तक सहरसा पहुँचाया जाये । |
| 4.2 | सहरसा-ललितग्राम रेल खण्ड पर सुपौल जिलान्तर्गत नगर पंचायत सिमराही स्थित टोला रामपुर के पास किमी 103/5 के पास अण्डर पास का निर्माण किया जाये । मीटरगेज के समय उक्त स्थान पर समपार ढ़ाला बना हुआ था जिसे आमान परिवर्तन के बाद बंद कर दिया गया। उक्त स्थान पर रेलवे लाईन के दोनो तरफ पक्की सड़क एनएच 57 तथा एनएच 108 को जोड़ती है। समपार ढ़ाला बंद होने के कारण आवागमन की समस्या उत्पन्न हो गई है। |
| 4.3 | गाड़ी संख्या 05243/44 सहरसा - समस्तीपुर का विस्तार सुपौल तक किया जाये । उक्त गाड़ी का सहरसा में लाई ओवर 03 घन्टा 35 मिनट है। |
| 4.4 | ललितग्राम से फारबिसगंज ट्रेन परिचालन के बाद देश के राजधानी नई दिल्ली को जोड़ने के लिये कटिहार, फारबिसगंज, दरभंगा होते हुये नई दिल्ली तक चलाया जाये जिससे लगभग 4 से 6 घंटा समय का बचत होगा तथा दूरी भी कम होगी। |
| 4.5 | 13227/28 सहरसा-राजेन्द्रनगर इण्टरसिटि एक्सप्रेस की स्पीड अप करते हुये इसका विस्तार सुपौल तक किया जाये । सहरसा से सुपौल की दूरी मात्र 27 किमी है और सहरसा में लाई ओवर 01 घंटा 35 मिनट है । |
| 4.6 | सुपौल से पटना दानापुर एक सवारी गाड़ी का मेल एक्सप्रेस गाड़ी वाया सहरसा प्रतिदिन चलाई जाये जिससे समीपवर्ती गाँव की जनता को इसका लाभ मिल सके। |
| 4.7 | सहरसा जंक्शन पर बहुत सी दूरगामी गाड़ियो का लाई ओवर 23 घंटा तक है, उस गाड़ी को सुपौल या सरायगढ़ तक विस्तार किया जाये, जिससे सुपौल जिला के लोगो को देश के विभिन्न भागो में जाने की सुविधा मिल सके तथा रेलवे के आय में भी वृद्धि हो सके। अतिरिक्त मैन पावर तथा रैक की आवश्यकता भी नही होगी। |

| | |
|---|---|
| 4.8 | ललितग्राम से फारबिसगंज रेल खण्ड राष्ट्र को समर्पित हेतु तिथि निर्धारण प्रतीक्षित है। जल्द - से - जल्द तिथि निर्धारित कर रेल परिचालन प्रारम्भ किया जाये, जिससे क्षेत्र की जनता को लाभ मिल सके तथा बस मालिक द्वारा जनता का जो शोषण हो रहा है, रूक सके साथ ही रेलवे की आय में भी वृद्धि हो सके। |
| 4.9 | जोगबनी - दानापुर एक्सप्रेस एवं जोगबनी - सहरसा एक्सप्रेस के परिचालन प्रारम्भ कर राष्ट्र के समर्पण हेतु तिथि निर्धारित प्रतीक्षित हैं। तिथि निर्धारण का जल्द - से - जल्द उन एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारम्भ किया जाये। यह चिर लम्बित जनता की मांग है। |
| 4.10 | उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण उत्तर के पत्रांक पूमरे/सीए/ओ/पीजी/पोर्टल दिनांक 12.12.23 के अनुसार बिहारीगंज से वीरपुर वाया त्रिवेणीगंज, प्रतापगंज से भीमनगर नगर रेल लाईन का आरईटी (RET) सर्वे का कार्य पूरा हो गया है। सामरिक दृष्टिकोण से प्रतापगंज से भीमनगर ध्वस्त रेल लाईन की जमीन अभी भी पड़ी हुई है। उक्त खण्ड पर रेल परिचालन सेवा प्रारम्भ करने से सीमावर्ती क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। यह उक्त क्षेत्र के जनता की चिर लंबित मांग है। |
| 4.11 | सीमावर्ती सुपौल जिला को सीमावर्ती रेल नेटवर्क से जोड़कर पटना, रांची, कोलकाता, दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई तथा अन्य शहरों से जोड़ने के लिये मेल एक्सप्रेस वंदे भारत एवं राजधानी ट्रेनों का परिचालन कर कोसी एवं सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास किया जाये। |
| 4.12 | गत बैठक दिनांक 14.07.23 के सुझाव की समीक्षा। |
| 4.13 | गाड़ी संख्या 28181/82 टाटानगर से कटिहार वाया मानसी, नवगछिया ट्रेन को मानसी होते हुये सहरसा, मधेपुरा, बनमंखी तथा पूर्णिया होते हुये कटिहार तक विस्तार किया जाये, जिससे उतरी बिहार के सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया तथा मानसी होते हुये ट्रेन को सहरसा-पूर्णिया के रूट से परिचालन किया जाये । |
| 4.14 | अनुपालन रिपोट के लिए धन्यवाद। |
| 4.15 | अनुपालन रिपोट 4 दिन पहले दिये होते तो अच्छा रहता। |
| 4.16 | ललितग्राम से फारबिसगंज का सीआरएस निरीक्षण 13.01.2023 को हो गया परंतु यात्री गाड़ियों का परिचालन अभी तक नहीं हुआ है। संभावित तिथि बताया जाय। |
| 4.17 | जोगबनी से दानापुर एवं अररिया-फारबिसगंज यात्री गाड़ी का परिचालन कब से होगा| |

**5.0 श्री सुनील कुमार, माननीय सांसद (लोक सभा), वाल्मीकिनगर**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 5.1 | सभी स्टेशनो पर रेल परामर्शदात्री समिति का गठन किया गया है जिसमें स्थानीय लोक सभा सांसद से कोई अनुशंसा नही मांगी गयी है, जो निराशाजनक है। |
| 5.2 | नरकटियागंज जंक्शन में वाशिंग पिट का निर्माण कराया जाये। |
| 5.3 | नरकटियागंज – सिकटा - रक्सौल रेल खंड पर पर्याप्त गाड़ियों को चलाया जाये। |
| 5.4 | छतौनी – तमकुही रेल लाइन पूरा करने में काफी समय लग गया। लोगों में इसे लेकर अनिश्चितता का माहौल है। भूमि अधिग्रहण में काफी राशि खर्च हो चुकी है। इस परियोजना को अविलम्ब पूरा किया जाये, ताकि गंडक पार धनहा क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ हो सके। |

| | |
|---|---|
| 5.5 | बगहा स्टेशन पर दोनों तरफ एक नंबर प्लेटफार्म का विस्तार किया जाये । एसी बोगी और जनरल डिब्बा वहीं लगता है जिससे गरीब वृद्धजनों के अलावे जनप्रतिनिधि गण को भी उतरने - चढ़ने में काफी दिक्कत होती है । |
| 5.6 | बगहा स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म पर दोनों तरफ यात्री शेड का भी विस्तार किया जाये। दोनों तरफ बड़े - बड़े पेड़ होने के कारण यात्रियों को हमेशा चिड़ियों के द्वारा कपड़े और शरीर गन्दा करने का संशय बना रहता है । पक्षियों के मल त्याग से वहां काफी गन्दगी रहती है । |
| 5.7 | बगहा स्टेशन पर पेयजल के नल ख़राब हैं और वाटर एटीएम बंद पड़ा है इसे सुचारू रूप से ठीक कराया जाये । |
| 5.8 | सभी प्रमुख स्टेशनो पर फौगिंग मशीन उपलब्ध कराया जाये, ताकि मच्छरों से निजात मिल सके । |
| 5.9 | बगहा स्टेशन पर नवनिर्मित भवन का वेटिंग रूम बहुत छोटा है वहां महिलाओं को बैठने के लिए अलग से वेटिंग रूम होना चाहिए । |
| 5.10 | बगहा स्टेशन पर दो नंबर प्लेटफार्म के निर्माण कार्य में तेजी लायी जाये और सप्तक्रांति जैसी अन्यप्रमुख गाड़ियों को इसके पूरी तरह से बनने तक प्लेटफार्म नम्बर एक से ही खोला और ठहराया जाये । |
| 5.11 | 22551 अप व डाउन दरभंगा से चल कर गोरखपुर जाने वाली अंतोदय एक्सप्रेस का ठहराव बगहा स्टेशन पर किया जाये । |
| 5.12 | 15655 अप व डाउन वैष्णोदेवी - कटरा एक्सप्रेस का ठहराव भी बगहा स्टेशन पर किया जाये । साथ ही 3219 पाटलिपुत्र - अयोध्या एक्सप्रेस का कमर्सिअल स्टॉपेज़ वाल्मीकिनगर के बजाये बगहा में दिया जाये । |
| 5.13 | 12211 गरीबरथ एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन चलाया जाये, ताकि नरकटियागंज - रामनगर और बगहा के लोगों को दिल्ली आने - जाने में सुविधा हो । |
| 5.14 | बेतिया - गोरखपुर और नरकटियागंज - गोरखपुर रेलमार्ग पर पूर्व की भान्ति पर्याप्त यात्री सवारी गाड़ियों/डीईमयू ट्रेनों का परिचालन हो ताकि जिला मुख्यालय बेतिया और व्यापारिक व चिकित्सा उद्देश्य से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों को सुविधा हो । |
| 5.15 | बगहा स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाकर अविलम्ब इसका शुभारम्भ कराया जाये ताकि यात्रियों को सुविधा हो । |
| 5.16 | बगहा चीनी मिल गुमटी से लेकर बगहा रेलवे ढाला तक चल रहे नई रेल लाइन बिछाने के काम में पर्याप्त मिट्टी डालकर गड्ढे भरे जाये ताकि काम पूर्ण होने तक वाल्मीकिनगर से हरनाटांड जाने वाले बाइक सवार और ऑटो चालकों को गुमटी बंद होने के कारण रेलवे ढाला पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिल सके और समय की भी बचत हो । |
| 5.17 | नरकटियागंज जंक्शन पर आज भी यात्री रेलवे लाइन तड़प कर आने जाने को विवश हैं। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है । कब तक नरकटियागंज जंक्शन पर प्रवेश एवं निकास द्वार की व्यवस्था होगी ? |
| 5.18 | मेरे लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र वाल्मीकिनगर अन्तर्गत विभिन्न रेलवे - स्टेशनो (वाल्मीकिनगर, बगहा, भैरोगंज, रामनगर, नरकटियागंज, सिकटा) पर दिव्यांग यात्रियों के आने - जाने हेतु रैंप की व्यवस्था कब तक होगी ? |

| | |
|---|---|
| 5.19 | नरकटियागंज - भिखनाठोरी रेल खंड में अमोलवा, भितिहरवा एवं गौनहा को पूर्व की तरह स्टेशन ही रखा जाये, इन्हें हाल्ट में परिवर्तित नहीं किया जाये । |
| 5.20 | लौरिया नंदनगढ़ सहित अन्य बुद्ध सर्किट/स्थलों एवं अन्य पर्यटन स्थल को रेलवे लाइन से जोड़ने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये । |
| 5.21 | नरकटियागंज जंक्शन से भिखनाठोरी तक रेल परिचालन की व्यवस्था पूर्व की तरह की जाये । |
| 5.22 | उपर्युक्त वर्णित सभी महत्त्वपूर्ण रेल स्टेशनो पर बोगीसूचक – पत्र लगाया जाये, क्योंकि लम्बी दूरी की ट्रेन जब स्टेशन पर रूकती है तब यात्रियों में भाग - दौड़ मच जाती है । |
| 5.23 | नरकटियागंज से मुजफ्फरपुर रेल खंड पर कोरोना काल से पूर्व में चलने वाली सवारी गाड़ी बंद पड़ी है। इसका परिचालन यथाशीघ्र कराना चाहिए । जैसे- गाड़ी संख्या 55208/7 एवं 55214 |
| 5.24 | मेरे लोक सभा अंतर्गत नरकटियागंज, हरिनगर और बगहा रेलवे स्टेशन पर राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। इसके होने से राष्ट्रीय गौरव और राष्ट्रीयता का एहसास रोम - रोम तक हर एक नागरिक को पुलकित करता है । राष्ट्रीय ध्वज दूर से ही शहर और स्टेशन को राष्ट्रीय मानचित्र पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। ध्वज देखकर बच्चे उत्सुकतापूर्वक झंडे का इतिहास जान लेते है, आजादी के पिछले कुर्बानियों को समझते है। दूर से ही स्थान का बोध होता है। मैंने कई रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रीय ध्वज को स्थापित देखा है।<br>अतः आपसे आग्रह है कि उपरोक्त तथ्यों और महत्वों को देखते हुए बगहा, नरकटियागंज और हरिनगर रेलवे स्टेशन पर राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना यथाशीघ्र किया जाए |

### 6.0 श्री प्रिंस राज, माननीय सांसद (लोक सभा), समस्तीपुर

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 6.1 | अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन दरभंगा – सीतामढ़ी – अयोध्या - आनंद विहार की शुरुआत समस्तीपुर रेल मंडल के मुख्यालय समस्तीपुर से करायी जाए । |
| 6.2 | समस्तीपुर से नई दिल्ली के लिए वन्दे भारत ट्रेन की शुरुआत की जाए । |
| 6.3 | समस्तीपुर - मुजफ्फरपुर रेलखंड पर स्थित भोला टॉकीज पर ROB (समपार फाटक सख्या 53) के निर्माण में क्या प्रगति है। |
| 6.4 | समस्तीपुर - दरभंगा रेल खंड में मुक्तापुर स्टेशन पर गुमटी संख्या-02 (मुक्तापुर गुमटी) पर ROB के निर्माण में क्या प्रगति है । |
| 6.5 | समस्तीपुर - खगड़िया रेल खंड में SH-55 में रोसड़ा, गाँधी चौक के निकट गुमटी संख्या 17/A पर ROB निर्माण की दिशा में क्या प्रगति है ? |
| 6.6 | ताजपुर - पूसा रोड में पूसा स्टेशन के निकट गुमटी संख्या 66 B पर ROB के निर्माण की दिशा में क्या प्रगति है । |
| 6.7 | सकरी - हसनपुर रेल परियोजना (79 किमी) अंतर्गत कुशेश्वर स्थान - हरिनगर के बीच निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ? |
| 6.8 | खगड़िया - कुशेश्वर स्थान रेल परियोजना (44 किमी) अंतर्गत पूरे किये गये खण्ड खगड़िया - अलौली (19 किमी) पर पैसैंजर गाड़ी  का परिचालन कब तक होगा ? |

| | |
|---|---|
| 6.9 | खगड़िया - कुशेश्वर स्थान रेल परियोजना (44 किमी) अंतर्गत अलौली - कुशेश्वर स्थान की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाये। |
| 6.10 | समस्तीपुर - खगड़िया रेल खंड पर यात्रियों के हितो को ध्यान में रखते हुए बेहतर से बेहतर रेल सेवा उपलब्ध कराने हेतु वर्तमान समय में इस रेल खंड पर एक्सप्रेस, सुपर फ़ास्ट गाडियों के अलावे पैसेंजर एवं गुड्स गाडियों का परिचालन काफी बढ़ गया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समस्तीपुर - खगड़िया रेल खंड का दोहरीकरण का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाये। |
| 6.11 | समस्तीपुर रेल यांत्रिक कारखाना में पुराने ऑक्शन की रिपेयरिंग (c-category repairing ) कार्य की शुरुआत करायी जाये। |
| 6.12 | समस्तीपुर जंक्शन पर आधुनिक वाशिंग पीट के निर्माण की अद्यतन स्थिति से अवगत काराया जाये। |
| 6.13 | बहेरी - शिवाजी नगर – करियन – रोसड़ा - बेगूसराय रेल परियोजना (40 कि०मी०) कार्य कब तक प्रारंभ होगा ? |
| 6.14 | मुक्तापुर – वारिसनगर – खरारी – बहेरी - लोहना रोड रेल परियोजना (87 कि० मी०) का कार्य कब तक प्रारंभ होगा ? |
| 6.15 | UDZ-NJP (19601) का रुसेरा घाट पर ठहराव दिया जाये, ताकि कोटा जाने के लिए विद्यार्थियों को सुविधा होगी। |
| 6.16 | कर्मभूमि एक्सप्रेस (12407) का रुसेरा घाट पर ठहराव कराया जाये। |
| 6.17 | NJP-NDLS एक्सप्रेस (12523) का रुसेरा घाट पर सप्ताह में प्रतिदिन परिचालन कराया जाये। |
| 6.18 | रोसड़ा से समस्तीपुर के लिए शाम 4-5 बजे कोई लोकल गाड़ी नहीं होने से अधिकांश यात्रिगण को असुविधा होती है, इसका समाधान किया जाये। |
| 6.19 | मुजफ्फरपुर से आनंद विहार के बीच चलने वाली सप्तक्रांति एक्सप्रेस (12557/58) का मार्ग विस्तार कर इस गाड़ी को बरौनी भाया समस्तीपुर से चलाया जाये। इस गाड़ी का रैक मुजफ्फरपुर में लगभग 11 घंटो तक खड़ी रहती है। |
| 6.20 | ROU-JYG एक्सप्रेस (18105-18106) का परिचालन प्रत्येक दिन कराया जाये । |
| 6.21 | ANVT-JBN एक्सप्रेस (12487/88) को खगड़िया-रोसड़ा-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर होते हुए चलाया जाये। |
| 6.22 | NDLS-SILCHAR एक्सप्रेस (14037/38) को पाटलिपुत्र-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-रोसड़ा-खगड़िया होते हुए सिलचर को चलाया जाये। |
| 6.23 | समस्तीपुर – कटिहार अथवा दरभंगा - कटिहार पैसेंजर में से एक गाड़ी को समस्तीपुर-रोसड़ा-खगड़िया रूट पर चलाया जाये। |
| 6.24 | खगड़िया-हसनपुर-रोसड़ा-समस्तीपुर होते हुए पाटलिपुत्र तक एक नई MEMU गाड़ी/इंटरसिटी चलायी जाये। |
| 6.25 | बिहार सम्पर्क क्रांति (12565) का हायाघाट पर ठहराव कराया जाये। |
| 6.26 | JYG-LTT एक्सप्रेस (11062) का हायाघाट पर ठहराव कराया जाये । |
| 6.27 | स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (12561) का हायाघाट पर ठहराव कराया जाये। |
| 6.28 | JYG-MHI जानकी एक्सप्रेस (15283/84) का हायाघाट पर ठहराव कराया जाये। |
| 6.29 | DBG - ASR जन नायक एक्सप्रेस (15211/12) का हायाघाट पर पूर्व की तरह ठहराव कराया जाये। |

| | |
|---|---|
| 6.30 | जन साधारण एक्सप्रेस का हायाघाट पर ठहराव कराया जाये। |
| 6.31 | अवध एक्सप्रेस (19038 ) को बरौनी से कोटा पहुँचाने के लिये रनिंग टाइम 27 घंटे 32 मिनट है जबकि यह गाड़ी 19037 कोटा से समस्तीपुर के लिए रनिंग टाइम 32 घंटे 55 मिनट है, यात्रा काल की समीक्षा के उपरांत क्या कारवाई हुई है ? |
| 6.32 | रोसड़ा गाँधी चौक से रोसड़ा स्टेशन से होते हुए सहियारपुर गुमटी तक सड़क कालीकरण का कार्य अभी तक अधुरा है, इसे कब तक पूर कर लिया जायेगा ? |
| 6.33 | रोसड़ा गाँधी चौक गुमटी से रोसड़ा स्टेशन होते हुए सहियारपुर गुमटी तक रेल पथ में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से जनता को असुविधा होती है, इसे अविलम्ब लगवाया जाये। |
| 6.34 | रोसड़ा गंडक रेल पूल पर लाइट की सुविधा नहीं होने से जनता को असुविधा होती है, इसे अविलम्ब लगवाया जाये। |
| 6.35 | रुसेरा घाट स्टेशन पर वृद्ध एवं दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट की व्यवस्था करायी जाये। |
| 6.36 | रुसेरा घाट स्टेशन पर आरक्षित टिकट काउंटर को दो पाली में खोला जाये। |
| 6.37 | हायाघाट स्टेशन पर आरक्षित टिकट काउंटर नहीं है, उसे खोला जाये। |
| 6.38 | सिंघिया प्रखंड के उप डाक घर में आरक्षण केंद्र को कोरोना काल में बंद कर दिया गया था, उसे अविलम्ब शुरु किया जाये। |
| 6.39 | बिरौल प्रखंड अंतर्गत सिसौनी में हाल्ट का निर्माण कराया जाये। |
| 6.40 | हायाघाट स्टेशन पर निर्माण की वजह से पश्चिम बिलासपुर के लोगों को जल निकासी की समस्या से जूझना पड़ रहा है, कृपया इसका निराकरण कराया जाये |
| 6.41 | बलुआहा-हायाघाट रेलवे समपार फाटक संख्या 14 का पुनः निर्माण एवं संचालन कराया जाये। |
| 6.42 | UDZ- NJP एक्सप्रेस (19601) का रुसेरा घाट स्टेशन पर प्रतिदिन अथवा 4-5 दिन ठहराव \| |
| 6.43 | ट्रेन संख्या 15549/50 जयनगर- पटना इंटरसिटी का पूसा स्टेशन पर ठहराव \| |
| 6.44 | ट्रेन संख्या 15909/10 अवध असाम एक्सप्रेश का पूसा स्टेशन पर ठहराव \| |
| 6.45 | जानकी एक्सप्रेस, जनायक एक्सप्रेस , दानापुर – इंटरसिटी अथवा मिथिलांचल में से किसी एक का ठहराव किसनपुर स्टेशन पर कराया जाये \| |
| 6.46 | मुजफ्फरपुर सियालदह फ़ास्ट पैसेंजर को कोरोना महामारी से पूर्ब की स्थिति चलाया जाए \| |
| 6.47 | 19037/38 बरौनी- बान्द्रा टर्मिनल अवध एक्सप्रेस का दलसिंहसराय स्टेशन पर ठहराव\| |
| 6.48 | किशनपुर स्टेशन पर आरक्षण काउंटर एवं शुद्ध पेयजल की ब्यवस्था करायी जाए \| |
| 6.49 | बिशनपुर बथुआ हाल्ट पर यात्री शेड, शौचालय और लाइट की ब्यवस्था करायी जाए \| |
| 6.50 | बिशनपुर बथुआ हाल्ट से लेकर गुमटी तक सड़क निर्माण किया जाये एवं मार्ग पर लाइट की ब्यबस्था करायी जाए \| |
| 6.51 | रामपुर कुसैया में एक हाल्ट दिया जाये जिससे आस-पास की पंचायत के हजारो किशानो को सह यात्रियों को सुबिधा मिलेगी \| |
| 6.52 | हायाघाट रेलवे स्टेशन पर यात्री शेड का निर्माण किया जाये \| |
| 6.53 | समस्तीपुर रेल मंडल मुख्यालय स्थित हस्तशिल्प कला केंद्र के कर्मियों की छान-परीक्षा नियमित करने के सबंध में शीर्ध कार्यवाही की आवश्यकता है \| इसमे कार्यत कर्मीयो की छान- परीक्षा के लिये एक बार 2004 में पत्र भी जारी हुआ, लेकिन आज तक उसे अमलीजामा नहीं पहनाया गया \| |

| | |
|---|---|
| 6.54 | मंडलीय रेल अस्पताल/समस्तीपुर का आधुनिकीकरण अतिआवश्यक है इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाय \| |
| 6.55 | 0131/0132 मुजफ्फरपुर-सियालदह फ़ास्ट पैसेंजर जो कोरोना के समय बंद हुई आज तक इसका परिचालन प्रारंभ नहीं हो सका है यह ट्रेन समस्तीपुर से बरौनी के बीच पैसेंजर के रूप में सभी स्टेशनो पर रुकते हुए चलती थी जिससे इन स्टेशनो के यात्रियों के लिए अत्यंत ही सुलभ एवं सस्ती ट्रेन की सुविधा मिल जाती है \| |
| 6.56 | किशनगंज अजमेर (गरीब नवाज एक्सप्रेस ) एवं डिब्रूगढ़ राजधानी (संपर्कक्रांति ) का एक मिनट के लिए पटोरी में ठहराव दिया जाय \| |
| 6.57 | दलसिंहसराय रेलवे स्टेशन के पूरब में स्थित प्लेट फॉर्म पर पहुँच पाथ  का पूर्ण विकाश आवश्यक है \| पूरब की ओर से आने वाले यात्री एवं 31 न० गुमती के सामानांतर सड़क की नितांत आवशयकता है इस ओर रेलवे की अपनी जमींन उपलब्ध है \| |
| 6.58 | दलसिंहसराय रेलवे स्टेशन पर एक अतिरिक्त रेलवे रिजर्वेशन काउंटर की आवश्यकता है \| दलसिंहसराय रेलवे स्टेशन एक महत्वपूर्ण एवं काफी राजस्व देने वाला स्टेशन है इससे  रेलवे के राजस्व में बहुत वृद्धि संभव है \| |
| 6.59 | दलसिंहसराय रेलवे स्टेशन पर निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव आवश्यक है<br>(क ).18105/6, जयनगर राउरकेला एक्सप्रेस \|<br>(ख).  19037/38 बरौनी-बांद्र-अवध एक्सप्रेस \| |
| 6.60 | श्री चन्द्रहास कुमार स.लो.पा.(वि.) पी एफ न० 27329807929 धनबाद से समस्तीपुर मंडल स्थानांतरण हेतु \| |
| 6.61 | रोसेरा स्टेशन पर गाड़ी संख्या 5275/76, 5277/78 रोसेरा से समस्तीपुर तक का किराया 10 रुपया है परंतु गाड़ी संख्या 05221/22, 05243/44, 05291/92 का किराया 30 रुपया लगता है क्यों \| |
| 6.62 | 17 न० गुमती गाँधी चौक होते हुए रोसेरा स्टेशन होते हुए रोसेरा स्टेशन 16 न० गुमती सहियार तक रोड वेज में एक भी लाइट रोड में नहीं है \| |
| 6.63 | 16 न० गुमती के बगल में L.H.S रूट पर करने हेतु मिट्टी कार्य हुआ है उसे तुरंत चालू किया जाय जिससे गुमती न० 16 बंद रहने पर लोगो को जाने में सुविधा प्रदान हो \| |
| 6.64 | रोसेरा स्टेशन के आगे टेम्पू,ई-रिक्सा को स्टैंड में लगाने का आदेश दिया जाय \| यंहा पर स्टैंड कार्यरत है उसे आगे लगाने से यात्रियों को काफी दिक्कत होता है \| |
| 6.65 | रोसेरा स्टेशन के आगे गार्डन बनाया जाय अमृत वर्ष में स्टेशन अच्छा लगे \| |
| 6.66 | प्लेटफॉर्म न० 02 के FOB रैम पर लाइट नहीं है, स्टेशन प्लेट फॉर्म न० 1 एवं 2 पर भी कुछ लाइट बंद है उसे चालू किया जाय \| |
| 6.67 | G.R.P को रोसेरा स्टेशन से हटा कर R.P.F out post बनाया जाय रोसेरा लोक सभा क्षेत्र था साथ ही 13 लाख आबादी अनुमंडल मुख्यालय है \| |

| | |
|---|---|
| 6.68 | दिनांक 25-11-09 को समस्तीपुर मंडल में कुलियों का छान परीक्षा पेपर सत्यापन किया गया परंतु मेडिकल एवं नियमन नहीं हुआ \| |
| 6.69 | श्री रवि कुमार JE/PWI/SPJ अपना स्थानांतरण civil work (IOW) SPJ में करने हेतु अनुरोध किया है\| |
| 6.70 | श्री पप्पू कुमार यादव, पिता-श्री राम प्रसाद यादव उदघोषक रोसड़ा को 7000 रुपया वेतन मिलता है उसे ग्रुप D का दर्जा देते हुए वेतन 27000 निर्धारित किया जाय \| |

**7.0 श्री चौधरी महबूब अली कैसर, माननीय सांसद (लोक सभा) खगड़िया**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 7.1 | गाड़ी संख्या 22351/52 पाटलिपुत्र बेंगलुरु एक्सप्रेस का सहरसा तक विस्तारीकरण (भाया खगड़िया – बेगूसराय – शाहपुर पटोरी) फरवरी 2023 रेलवे बोर्ड भेजा गया था लेकिन अभी तक स्वीकृति नहीं मिला है । रेलवे बोर्ड को इससे सम्बंधित रिमाइनडर भेजा जाये। इस गाड़ी के परिचालन से कोसी इलाके का संपर्क नागपूर, चेन्नई तथा बेंगलुरु जैसे शहरों से हो जायेगा । |
| 7.2 | कोसी की लाइफलाइन सहरसा - मानसी रेल खंड और खगड़िया - समस्तीपुर कॉर्ड लाइन का दोहरीकरण अति आवश्यक है, वर्ष 2022-23 में इसकी उपयोगिता 100 फीसदी रही है तथा नई गाड़ी के परिचालन व गाड़ी समय पर चले इसके लिए इस लाइन के दोहरीकरण का प्रस्ताव अत्तिशीघ्र भेजा जाना चाहिए । |
| 7.3 | सहरसा में दूसरे पिट लाइन का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है, जिससे यंहा से नई गाड़ी का परिचालन नहीं हो पा रहा है । जैसी जानकारी मिली है की रेलवे द्वारा कार्य एजेंसी को कम करने के लिए ब्लॉक नहीं दिया जा रहा है इसलिए निर्माण प्रभावित हो रहा है। अतः ब्लॉक देकर कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा किया जाये, ताकि यंहा से लम्बी दूरी की नई गाड़ी का परिचालन हो सके । |
| 7.4 | धमारा घाट स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल किया जाये तथा इसे कात्यायनी मंदिर के तर्ज पर विकसित किया जाये ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके । इस स्टेशन के निकट ही प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ कात्यायनी धाम स्थित है जंहा बैरागन के दिनों में हजारो श्रद्धालू आते है। लेकिन आश्चर्य है कि इस स्टेशन पर यात्री सुविधायों का घोर आभाव है । चारो तरफ से नदियों से घिरे इस दूरगामी स्थल पर पहुँचने का एक मात्र साधन रेल मार्ग है। अतः इस सुझाव को प्राथमिकता के आधार पर अमल में लाया जाये । |
| 7.5 | खगड़िया के निकटवर्ती टर्मिनल सहरसा में 06 स्टेब्लिंग लाइन तथा यात्री गाड़ियों के लिए माल गोदाम व प्लेटफॉर्म संख्या 02 और 03 के बीच नये प्लेटफॉर्म के निर्माण तथा सहरसा स्टेशन के यार्ड रिमोडलिंग का प्रस्ताव भेजा गया है । आप से निवेदन है की इन निर्माण कार्यो की जल्द शुरूआत हो । |
| 7.6 | खगड़िया कुशेश्वर स्थान लाइन के अंतर्गत खगड़िया - अलौली 18 KM खंड पर रेल लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चूका है । इस रेल खंड का संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण कब किया जायेगा । इसकी जानकारी दिया जाये तथा अलौली से कौन - कौन सी नई गाड़ी का परिचालन प्रस्तावित किया गया है? |
| 7.7 | सहरसा से दिल्ली के लिए भारत की अत्याधुनिक गाड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन खगड़िया - बरौनी - शाहपुर पटोरी - छपरा - वाराणसी - अयोध्या होकर किया जाये तो यह पर्यटक की दृष्टि से काफी लाभदायक होगा। |
| 7.8 | खगड़िया लोक सभा अंतर्गत हसनपुर रोड स्टेशन पर दिल्ली जाने वाली 12523/24 न्यूजलपाईगुड़ी - नई दिल्ली सुपर फ़ास्ट,19601/2 न्यूजलपाईगुड़ी - उदयपुर सिटी एक्सप्रेस और 15705/6 चंपारण हमसफर का ठहराव होना अति आवश्यक है । |

| | |
|---|---|
| 7.9 | सिमरी बख्तियारपुर में 12553/54 वैशाली एक्सप्रेस और 22913/14 सहरसा बांद्रा हमसफर का ठहराव दिया जाए। |
| 7.10 | गाड़ी संख्या 15279/80 पुरबिया एक्सप्रेस का परिचालन अतिरिक्त रैक देकर स्वतंत्र स्लॉट से प्रतिदिन हो इसके फीजिबिलिटी का अध्ययन कर जल्द से जल्द प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा जाए। सहरसा से दिल्ली के लिए प्रतिदिन सिर्फ वैशाली एक्सप्रेस चलती है, जिसमें काफी भयंकर वेटिंग लिस्ट रहता है तथा यह फुल ऑक्युपेंसी के साथ चल रही है। |
| 7.11 | सहरसा में बना रहे दूसरे पिटलाइन के पूरा होने के बाद बरौनी से चलने वाली 19484/83 बरौनी अहमदाबाद एक्सप्रेस की फीजिबिलिटी चेक करते हुये इसे खगड़िया ठहराव के साथ सहरसा विस्तार करने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा जाए। |
| 7.12 | नवनिर्मित अलौली स्टेशन से खगड़िया - हसनपुर रोड - रुसेरा घाट - समस्तीपुर - मुजफ्फरपुर होकर पाटलिपुत्र के लिए नई मेमू ट्रेन का परिचालन किया जाए क्योंकि हसनपुर रोड़ होकर पटना के लिए एक भी ट्रेन नहीं चल रही है इसके अलावा अलौली भी राजधानी पटना से सीधी तरह जुड़ जाएगा। |
| 7.13 | गाड़ी संख्या 82355/56 पटना - मुंबई सुविधा एक्सप्रेस को पटना में 95 घंटे खड़ी रहती है, उसका परिचालन विस्तार खगड़िया - बेगूसराय होकर सहरसा से किया जाए क्योंकि कोसी और फरकिया इलाके के लोगों को मुंबई जाने के लिए एक मात्र साधन सहरसा बांद्रा हमसफर है, जिसमें सालों भर वेटिंग लगी रहती है। इसके बिस्तार से इस इलाके को काफी राहत मिलेगी। |
| 7.14 | गाड़ी संख्या 15001/2 मुजफ्फरपुर देहरादून राप्ती गंगा एक्सप्रेस पूर्वोत्तर रेलवे की ट्रेन है तथा इसका प्राथमिक रखरखाव गोरखपुर में किया जाता है। चूंकि यह ट्रेन मुजफ्फरपुर यार्ड में 21 घंटे बेवजह खड़ी रहती है. अतः इसका विस्तार समस्तीपुर – रुसेरा घाट - हसनपुर - खगड़िया के रास्ते सहरसा तक किया जाए सहरसा से इस ट्रेन को केवल प्लेटफार्म अटेंशन के साथ आसानी से चलाया जा सकता है तथा सहरसा में सुबह से शाम तक 12567/12553 राज्य रानी और वैशाली एक्सप्रेस के जाने के बाद पर्याप्त स्टेबलिंग लाईन व स्लॉट उपलब्ध है। |
| 7.15 | गाड़ी संख्या 03225/26 दानापुर सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन तथा 07255/56 पटना सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन को रेगुलर ट्रेन का दर्जा देते हुए इसका परिचालन बेगूसराय खगड़िया के रास्ते सहरसा तक किया जाए, अभी कोसी इलाके के लोगों को सिकंदराबाद की ट्रेन लेने के लिए बरौनी या दानापुर जाना पड़ता है। |
| 7.16 | गाड़ी संख्या 12567/68 राज्य रानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस के लाई ओवर का उपयोग कर सप्ताह में 3 दिन सहरसा से पटना सुपरफास्ट ट्रेन का परिचालन किया जाए, जो सहरसा से देर शाम खुले तथा पटना से रात्रिकालीन ट्रेन बनकर वापस आए। फिलहाल पटना से सहरसा के लिए रात में कोई ट्रेन नहीं है इसके अलावा शाम 3 बजे के बाद अगली ट्रेन सुबह मिलती है। |
| 7.17 | त्योहार के दिन में सहरसा से सिर्फ अम्बाला अमृतसर के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाती है, भविष्य में यदि इसका परिचालन लुधियाना जालंधर पठानकोट जम्मूतवी होकर उधमपुर तक किया जाए तो माता वैष्णो देवी धाम कटरा से बिहार आने वाले काफी लोगों को फायदा होगा। |
| 7.18 | सहरसा मानसी लाईन के सोनवर्षा कचहरी और बदला घाट रेक पॉइंट के लिए नई लाईन बिछाया जाए अभी प्लेटफार्म 2 को ही रेक पॉइंट के रूप में उपयोग किया जा रहा है। |
| 7.19 | सहरसा मानसी लाईन के सोनवर्षा कचहरी, कोपरिया, फनगो, धमारा घाट और बदला घाट, खगड़िया समस्तीपुर लाईन के ओलापुर, इमली और पहरजा गंगौर हॉल्ट के प्लेटफॉर्म को ऊंचा किया जाए तथा सभी स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज की सुविधा दी जाए। |

| | |
|---|---|
| 7.20 | श्रावणी मेला में चलाई गई 05551/52 सहरसा देवघर मेमु स्पेशल नियमित रूप से चले तो इस इलाके के लिए वरदान साबित होगी। |
| 7.21 | IRCTC 2023 और इस वित्तीय वर्ष में सहरसा से नई ट्रेन के परिचालन हेतु भेजे गए प्रस्ताव की जानकारी दिया जाए। |
| 7.22 | सुपौल से पटना के लिए सहरसा खगड़िया होकर नई ट्रेन प्रस्तावित किया गया था जिसका परिचालन अविलंब किया जाए। |
| 7.23 | गाड़ी संख्या 22971/72 पटना बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार सहरसा तक किया जाए। |
| 7.24 | गाड़ी संख्या 02563/64 बरौनी नई दिल्ली क्लोन का परिचालन पुनः सहरसा से किया जाए, इसका ठहराव खगड़िया में भी दिया जाए। |
| 7.25 | जनहित एक्सप्रेस को अतिरिक्त रेक देकर आरा - बक्सर के रास्ते डी. डी. यू/ वाराणसी जंक्शन वाराणसी सिटी तक विस्तारित किया जाए। वाराणसी से यह शाम में तथा पटना से रात्रिकालीन ट्रेन बनकर चले। फिलहाल पटना से सहरसा के लिए रात में कोई ट्रेन नहीं है इसके अलावा शाम 3 बजे के बाद अगली ट्रेन सुबह मिलती है। |
| 7.26 | गाड़ी संख्या 13227 सहरसा - राजेन्द्र नगर इंटरसिटी काफी लूज़ टाईम के साथ चल रही है, फतुहा में इसे रोक कर दूसरी ट्रेन को आगे बढ़ाया जाता है. जिससे पटना से दूसरी ट्रेन छूट जाती है। |
| 7.27 | सहरसा से समस्तीपुर के बीच चलने वाली सभी मेमू ट्रेन का परिचालन सुपौल या बनमंखी तक किया जाए। सहरसा में नो रूम की समस्या पहले से है और ये ट्रेनें इस वजह से काफी विलम्ब से चलती है। खासकर 05243/44 की लम्बे समय तक सहरसा में खड़ी रहती है उसका विस्तार आसानी से सुपौल तक किया जा सकता है। |
| 7.28 | सहरसा के गंगजला रेक पॉइंट को मत्स्यगंधा तालाब की ओर शिफ्ट किया जाए तथा वहाँ पर सरायगढ़ जाने वाली डेमू के लिए सेटेलाइट स्टेशन विकसित किया जाए। |
| 7.29 | सहरसा से कारूखीरहरी हॉल्ट के बीच सीधी लाईन बिछाकर लोको रिवर्सल समस्या का निदान किया जाए। |
| 7.30 | धमारा घाट स्टेशन का नाम बदलकर माँ कात्यायनी धाम रखने का सुझाव पूर्व में कई बार दिया गया था, इस दिशा में क्या कारवाई हुई है, जानकारी दिया जाए। |
| 7.31 | गाड़ी संख्या 18185/86 टाटानगर गोड्डा एक्सप्रेस सप्ताह में 5 दिन टाटा यार्ड में खड़ी रहती है। अत इस रैक से धनबाद - जसीडीह - किऊल - खगड़िया होकर सहरसा एक साप्ताहिक / द्वि साप्ताहिक ट्रेन के परिचालन हेतु फिजीबिलिटी का अध्ययन किया जाए तथा इस प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड भेजा जाए |
| 7.32 | सहरसा से खगड़िया हसनपुर रोड समस्तीपुर मुजफ्फरपुर पाटलिपुत्र डी डी यू होकर यशवंतपुर के लिए एक साप्ताहिक ट्रेन के परिचालन हेतु प्रस्ताव पूर्व मध्य रेल द्वारा जून 2023 में भेजा गया था, लेकिन दक्षिण पश्चिम रेलवे द्वारा रिजेक्ट कर दिया गया। कृपया संशोधित समय सारणी के साथ इस प्रस्ताव को फिर से भेजा जाए बेंगलुरु से उत्तर बिहार के लिए सिर्फ 2 साप्ताहिक ट्रेन चलती है और सहरसा में एक भी नहीं, लेकिन पूजा स्पेशल ट्रेन बेंगलुरु से दानापुर तक ही चलाई जाती है। भविष्य में इसका परिचालन सहरसा से किया जाए। |
| 7.33 | ट्रेन संख्या 22353/54 पटना एसएमभीबी बगलौर हमसफर एक्सप्रेस का खगड़िया ठहराव के साथ सहरसा विस्तार करने की फीजिबिलिटी चेक करते हुए इसका प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा जाए। यह ट्रेन पटना में 50 घंटे से ज्यादा खड़ी रहती है। सहरसा के वर्तमान पिटलाइन में मंगलवार रात 20.00 से बुधवार सुबह 04.00 बजे इसके प्राइमरी मेंटेनेंस का स्लॉट खाली है। |

| | |
|---|---|
| 7.34 | सहरसा में बना रहे दूसरे पिटलाइन के पूरा होने के बाद बरौनी से चलने वाली 12521/22 बरौनी एर्नाकुलम (राप्ती सागर एक्सप्रेस) की फीजिबिलिटी चेक करते हुए, खगड़िया ठहराव के साथ सहरसा विस्तार करने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा आए। |
| 7.35 | गाड़ी संख्या 12491/92 बरौनी - जम्मू तवी मोरध्वज एक्सप्रेस उत्तर रेलवे की ट्रेन है तथा इसका प्राथमिक रखरखाव जम्मू में किया जाता है। यह ट्रेन बरौनी यार्ड में 6 घंटे बेवजह खड़ी रहती है अतः इसका विस्तार खगड़िया ठहराव के रास्ते सहरसा तक किया जाए। सहरसा से इस ट्रेन को केवल प्लेटफार्म अटेंशन के साथ आसानी से चलाया जा सकता है। |
| 7.36 | गाड़ी संख्या 19321/22 पटना - इंदौर एक्सप्रेस पश्चिम रेलवे की ट्रेन है तथा इसका प्राथमिक रखरखाव इंदौर में किया जाता है। यह ट्रेन पटना यार्ड में 19 घंटे बेवजह खड़ी रहती है अतः इसका विस्तार खगड़िया ठहराव के रास्ते सहरसा तक किया जाए। सहरसा से इस ट्रेन को केवल प्लेटफार्म अटेंशन के साथ आसानी से चलाया जा सकता है। |
| 7.37 | गाड़ी संख्या 12149/50 दानापुर - पुणे एक्सप्रेस मध्य रेलवे की ट्रेन है तथा इसका प्राथमिक रखरखाव पुणे में किया जाता है। यह ट्रेन दानापुर यार्ड में 21 घंटे बेवजह खड़ी रहती है अतः इसका विस्तार वाया हाजीपुर, शाहपुर पटोरी एवं खगड़िया ठहराव के रास्ते सहरसा तक किया जाए। सहरसा से इस ट्रेन को केवल प्लेटफार्म अटेंशन के साथ आसानी से चलाया जा सकता है। |
| 7.38 | पिछली बैठक का कार्यवृत काफी अच्छा है। गाड़ियों के ठहराव के बारे में लिखा गया है कि रेलवे बोर्ड को भेज दिया गया है। उसकी एक प्रति माननीय सांसदों को देने की व्यवस्था की जाए। |
| 7.39 | करोना से पहले जो गाड़ियाँ चला करती थी एवं रुका करती थी उसे पुनः चलाया एवं उक्त स्टेशन पर रोका जाय। |
| 7.40 | गाड़ी सं0 12553/54 (वैशाली एक्स.) का सिमरी बख्तियारपुर में ठहराव दिया जाय। |
| 7.41 | गाड़ी सं0 13205/06 (जनहित एक्स.) का सिमरी बख्तियारपुर में ठहराव दिया जाय। |
| 7.42 | हसनपुर रोड में चीनी मिल अवस्थित है। न्यू जलपाईगुड़ी -आंनंद विहार (ट) का ठहराव हसनपुर रोड में दिया जाय। |
| 7.43 | हसनपुर रोड -बिथान यात्री गाड़ी का परिचालन किया जाय। |
| 7.44 | हसनपुर रोड - अलौली का सीआरएस निरीक्षण हो गया है, यात्री गाड़ियों का परिचालन किया जाय। |
| 7.45 | हसनपुर रोड- बरौनी लाईन न्यू लाइन का सर्वे हो गया है। इसकी वर्तमान स्थिति क्या है |
| 7.46 | कोपरिया स्टेशन का प्लेटफार्म को उँचा किया जाए। प्रकाश  एवं शौचालय की समूचित व्यवस्था की जाए। |
| 7.47 | पूर्व मध्य रेल के खाली जमीन का आवंटन किया जाए ताकि बेरोजगार लोग दुकान इत्यादि खोल सके। |
| 7.48 | सिमरी बख्तियारपुर एवं अन्य सभी पैदल उपरगामी पुलों का उदघाटन माननीय सांसदों से करवाया जाय। |

**8.0 श्री गोपाल जी ठाकुर, माननीय सांसद (लोक सभा), दरभंगा**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 8.1 | ट्रेन संख्या 15053/15054 लखनऊ छपरा एक्सप्रेस को विस्तार देते हुए दरभंगा तक चलाया जाए एवं इस हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाए। |
| 8.2 | लहेरियासराय स्टेशन एवं सकरी स्टेशन पर स्वचालित टिकट विक्रय मशीन (एटीवीएम) अविलंब संस्थापित किया जाये । |
| 8.3 | लहेरियासराय एवं सकरी स्टेशन पर बेहतर यात्री सुविधा उपलब्ध कराने को दृष्टिगत रखते हुए लिफ्ट एवं एस्कलेटर को स्थापित किया जाए। |
| 8.4 | दरभंगा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत सभी स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन स्थापित किया जाए। |
| 8.5 | दरभंगा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत सभी स्टेशनों पर वृद्ध एवं दिव्यांग यात्रियों हेतु सहायता अपेक्षित है। अविलंब यह सेवा सुनिश्चित किया जाए। |
| 8.6 | दरभंगा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत सभी स्टेशनों पर यात्रियों हेतु मूलभूत सुविधा यथा-प्रतीक्षालय, संकेतक, शौचालय, ऊपरी पैदल पुल इत्यादि सुविधा उपलब्ध कराया जाए। |
| 8.7 | फरवरी-मार्च माह में दरभंगा स्टेशन से भारत गौरव ट्रेन का परिचालन सुनिश्चित किया जाये जो वाराणसी, अयोध्याधाम, प्रयाग, चित्रकूट सहित अन्य महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल की यात्रा हो सके। |
| 8.8 | दरभंगा स्टेशन से कोलकाता एवं नई दिल्ली हेतु वन्दे भारत ट्रेन चलाया जाए एवं इस हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाए। |
| 8.9 | लहेरियासराय स्टेशन के पूर्वी भाग में दूसरा इंट्री गेट निर्माण करवाया जाये । |
| 8.10 | शीशो-काकरघाटी बायपास निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण किया जाये । |
| 8.11 | लहेरियासराय स्टेशन के पूर्वी भाग में रेस्ट हाउस का निर्माण किया जाए। |
| 8.12 | लहेरियासराय-सहरसा नई रेल लाइन कार्य का निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाये । |
| 8.13 | बिरौल स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया उन्नयन कार्य कराया जाये । |
| 8.14 | रेलवे समपार संख्या-18 (पंडासराय गुमटी) से समपार संख्या-28 (कंगवा गुमटी) तक लगभग 08 किमी॰ रेलपथ के दोनों तरफ नाला निर्माण कार्य जनहित में अविलंब कराया जाये । |
| 8.15 | बिरौल एवं बेनीपुर स्टेशन पर वेटिंग हॉल का निर्माण किया जाए। |
| 8.16 | दरभंगा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत छोटे-बड़े सभी स्टेशनों पर वाटर कूलर अविलंब लगाया जाये। |
| 8.17 | दरभंगा स्टेशन पर आर॰ओ॰ आधारित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाये । |
| 8.18 | दरभंगा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत सभी स्टेशनों पर जन उद्घघोषणा प्रणाली (कम्प्यूटर आधारित) सुविधा उपलब्ध कराया जाये । |
| 8.19 | दरभंगा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत सभी स्टेशनों पर क्लोज सर्किट टेलिविजन कैमरा नेटवर्क के माध्यम से निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये । |

| | |
|---|---|
| 8.20 | हरिनगर-बिरौल से पटना हेतु एक नई ट्रेन प्रारंभ करने की दिशा में अग्रेतर कारवाई की जाये । |
| 8.21 | 15001/02 मुजफ्फरपुर देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार पथ दरभंगा तक किया जाये । |
| 8.22 | दरभंगा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष 2014 से अब तक रेलवे की स्वीकृत योजना, निर्माणाधीन योजना एवं पूर्ण हो चुकी योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत अविलंब कराया जाये । |
| 8.23 | 19165/66 अहमदाबाद - दरभंगा साबरमती एक्सप्रेस एवं 12577/78 दरभंगा - मैसूर बागमती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन प्रतिदिन किया जाये । |
| 8.24 | दरभंगा में रेल नीर संयत्र स्थापना हेतु प्रस्ताव IRCTC को भेजा जाये । |
| 8.25 | दरभंगा - जोगबनी तक प्रस्तावित दानापुर - जोगबनी एक्सप्रेस ट्रेन का संसदीय क्षेत्र के लहेरियासराय एवं मनीगाछी स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाये । |
| 8.26 | सम्पर्क क्रांति ट्रेन एवं स्वतंत्रता सेनानी ट्रेन का ठहराव लहेरियासराय स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाये । |
| 8.27 | रांची - जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन प्रतिदिन सुनिश्चित किया जाये एवं लहेरियासराय स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाये । |
| 8.28 | 12565/66 बिहार सम्पर्क क्रांति ट्रेन का नामकरण कवि कोकिल बाबा विद्यापति जी के नाम पर किया जाये । |
| 8.29 | दरभंगा स्टेशन के सामने पश्चिमी भाग अवस्थित हराही पोखर को हस्तगत करके रेलवे द्वारा सौंदर्यीकरण अविलंब कराया जाये । |
| 8.30 | दरभंगा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत प्रस्तावित एवं पूर्ण सभी योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घघाटन एक सप्ताह के अंदर कराया जाये । |
| 8.31 | सकरी एवं बिजुली गुमटी पर ओवर ब्रिज का निर्माण सुनिश्चित किया जाये । |
| 8.32 | कोसी महासेतु का नाम अटल सेतु रखा जाय। |
| 8.33 | लहेरियासराय स्टेशन पर सभी मुख्य ट्रेनों का ठहराव दिया जाये क्योंकि यह कमिशनरी टाउन है\| यहाँ डीएमसीएच, समाहरणालय, कोर्ट, रजिस्ट्री ऑफिस इत्यादि स्थित है। लोगों को आने-जाने में सुविधा हो। |
| 8.34 | हराड़ी पोखर जो दरभंगा सर्कुलेटिंग एरिया के बाहर स्थित है, उसको रेल अपने कब्जे में लेकर सौन्दर्यीकरण करें। |
| 8.35 | लहेरियासराय स्टेशन पर 100 फीट राष्ट्रीय ध्वज लगवाया जाये। |
| 8.36 | वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दरभंगा अथवा जयनगर से चलाया जाये। |
| 8.37 | दरभंगा -सीतामढ़ी होते हुये राजधानी या अन्य सुपरफास्ट ट्रेन का परिचालन किया जाये। |
| 8.38 | लहेरियासराय में समपार संख्या 29 को हटाकर नये आर0ओ0बी0 का निर्माण किया जाये। |

**9.0** **श्री प्रदीप कुमार सिंह, माननीय सांसद (लोक सभा), अररिया**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 9.1 | फारबिसगंज – सहरसा – दरभंगा रेलखंड पर यात्री ट्रेनों के प्रारंभ होने की कब तक संभावना है। |
| 9.2 | परिचालन शुरू होने वाली उदघाटन  ट्रेन जोगबनी अथवा फारबिसगंज से ही चले। |
| 9.3 | फारबिसगंज और चक्रदाहा हाल्ट के बीच E.C. रेलवे के कार्यक्षेत्र के अधीन फारबिसगंज कोर्ट के नाम से एक नया स्टेशन बनाया जाए, जहाँ पिट लाइन, रैक पॉइंट, रनिंग रूम, रेस्ट रूम इत्यादि बने, ताकि गाड़ियों का प्रारंभिक अनुकरण भी वहां से हो सके। |
| 9.4 | रेलवे बोर्ड द्वारा घोषित सभी चार जोड़ी ट्रेन एक साथ चले। |
| 9.5 | फारबिसगंज जोगबनी से पटना के लिए एक रात्रि कालीन ट्रेन राज्य रानी एक्सप्रेस के तर्ज पर चले। इस ट्रेन का फायदा नरपतगंज, राघोपुर और सुपौल के रेल यात्रियों को भी मिलेगा। |
| 9.6 | अररिया कोर्ट – रानीगंज – सुपौल नई रेल लाइन निर्माण का काम शीघ्र शुरु हो तथा पहले चरण में इसका काम अररिया - रानीगंज के बीच किया जाए। |
| 9.7 | फारबिसगंज से ई. सी. रेलवे के क्षेत्र के लिए खुलने वाली ट्रेन के रखरखाव यथा डिब्बो,शौचालय की सफाई तथा कोचों में पानी भरने की व्यवस्था फारबिसगंज में हो। |
| 9.8 | ललितग्राम में निर्माणाधीन बाईपास लाइन का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर हो जिससे फारबिसगंज से खुलने वाली मेल एक्सप्रेस ट्रेनों को तथा गुड्स ट्रेनों को अनावश्यक रूप से ललितग्राम नहीं जाना पड़े। |
| 9.9 | दरभंगा से सिलीगुड़ी के लिए एक नयी ट्रेन चलायी जाए जो भाया सरायगढ़ – फारबिसगंज – अररिया – कटिहार होकर चले । |
| 9.10 | जोगबनी से भाया फारबिसगंज – नरपतगंज – सुपौल – सहरसा – खगड़िया – मुंगेर – भागलपुर – बांका होते हुए देवघर के लिए ट्रेन चलाई जाये। |
| 9.11 | फारबिसगंज से दिल्ली के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक परिचालन हो, जो भाया सुपौल – सहरसा – समस्तीपुर – मुजफ्फरपुर – हाजीपुर – पाटलिपुत्र हो कर चले। |

**10.0** **प्रो० राकेश सिन्हा, माननीय सांसद (राज्य सभा) प्रतिनिधि (नीरज नवीन)**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 10.1 | समस्तीपुर मंडल के सहरसा-समस्तीपुर रेल खंड पर राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र (पटना) हेतु इंटरसिटी ट्रेन चलायी जाये। |
| 10.2 | सलौना स्टेशन पर निम्नांकित एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव तय किया जाये-<br>(a) 12523/12524 (NJP-NDLS एक्सप्रेस)<br>(b) 19601/19602 (उदयपुर सिटी एक्सप्रेस)<br>(c) 12407/12408 (कर्मभूमि एक्सप्रेस) |

| | |
|---|---|
| 10.3 | बखरी बाज़ार के LC गेट 6B पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण हो। |
| 10.4 | श्री कृष्ण सिंह नगर गढ़पुरा स्टेशन का एप्रोच सड़क अविलम्ब बनायीं जाये। |
| 10.5 | श्री कृष्ण सिंह नगर गढ़पुरा स्टेशन पर शेड, पेयजल, शौचालय सहित सभी यात्री सुविधा का विस्तार किया जाये। |
| 10.6 | सोनमा-प्राणपुर स्टेशन पर यात्री सुविधा यथा शेड, पेयजल, शौचालय का विस्तार किया जाये। |
| 10.7 | सोनमा- प्राणपुर स्टेशन का एप्रोच सड़क स्टेशन के दोनों तरफ बनायीं जाये। |

**10.0** (क) **प्रो० राकेश सिन्हा, माननीय सांसद (राज्य सभा) प्रतिनिधि (कुंदन कानू)**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 10.8 | गाड़ी संख्या 05550 समस्तीपुर सहरसा डाउन पेसेन्जर ट्रेन का लूज टाइमिंग समाप्त किया जाए अथवा उक्त ट्रेन सहरसा जक्सन सुबह 8:00 बजे पहुँचे इसके लिए समस्तीपुर जक्सन से खुलने का निर्धारित समय में बदलाव किया जाय क्योंकि यात्रियों को सुपौल, मधेपुरा एवं सहरसा में अपने अपने कार्य स्थल पर ससमय पहुँचने में आसानी हो सके। |
| 10.9 | गाड़ी संख्या 132207/132208 सहरसा, राजेन्द्रनगर इन्टरसीटी एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन कर परिचालन सलौना, हसनपुर रोड, रूसेरा घाट एवं समस्तीपुर होकर परिचालन किया जाय। |
| 10.10 | गाड़ी संख्या 13205/13206 जनहित एक्सप्रेस सहरसा पाटलिपुत्रा ट्रेन का परिचालन मार्ग परिवर्तित कर सलौना, हसनपुर रोड, रूसेरा घाट, समस्तीपुर के रास्ते पाटलिपुत्रा तक किया जाय। |
| 10.11 | सलौना रेलवे स्टेशन के पूर्व दिशा बखरी बाजार रेलवे फाटक संख्या 06 बी पर रेलवे ओवर ब्रिज (आर०ओ०बी० ) का निर्माण किया जाय। क्योकि यह फाटक होकर मरिजों का एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड, छात्रों, व्यापारियों, रिक्शा एवं वाहन चालको को कठिनाई से निजात मिलेगी। जिससे जान-माल की सुरक्षा होगी और प्रदुषण से भी राहत होगी। |
| 10.12 | श्रीकृष्णसिंह नगर गढ़पुरा स्टेशन एवं सोनमा प्राणपुर हॉल्ट के मध्य कुम्हारसों ढाला पर अन्डरपास के निर्माण का सर्वे कार्य उपरान्त शेष प्रक्रिया विलंबित है। अतः अन्डरपास निर्माण प्रक्रिया शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जाय। |
| 10.13 | सोनमा प्राणपुर हाल्ट को स्टेशन का दर्जा दिया जाय। |
| 10.14 | सोनमा प्राणपुर हाल्ट का एप्रोच पथ हाल्ट के दोनो दिशा से निर्माण कराया जाय। |
| 10.15 | सोनमा प्राणपुर हॉल्ट पर यात्री सुविधा हेतु शौचालय, शुद्ध पेयजल एवं पी०पी०शेड का निर्माण कराया जाय। |
| 10.16 | श्रीकृष्णसिंह नगर गढ़पुरा स्टेशन का यात्री सुविधा हेतु पी०पी० शेड, शुद्ध पेयजल, शौचालय एवं स्टेशन का एप्रोच पथ का निर्माण किया जाय। |
| 10.17 | समस्तीपुर-सहरसा रेलखंड के मध्य स्थित सलौना रेलवे स्टेशन तीन जिलों यथा बेगुसराय, खगड़िया, समस्तीपुर के यात्री की सुविधा हेतु राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से जोड़ने के लिए सलौना स्टेशन पर निम्न वर्णित एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जायः-<br>12523/12524-एन० जे०पी० एन०बी०एल०एस० एक्सप्रेस<br>19601/19602-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस।<br>12407/12408-कर्मभूमि एक्सप्रेस । |

| | |
|---|---|
| 10.18 | सलौना रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 01 एवं 02 पर ट्रेन की लंबाई बराबर पी०पी०शेड का निर्माण किया जाय क्योकि बीमार, वृद्ध, महिला एवं बच्चों सहित अन्य सभी यात्री बर्षा के पानी में भिंगने से सुरक्षित रह सके। |
| 10.19 | सलौना स्टेशन के पी०एफ० 01 और 02 लाईट लगे और रातभर निरंतर सभी लाईटे जलती रहें जिससे यात्री अंधेरा से हो रही कठिनाईयाँ दूर हो सके। |
| 10.20 | सलौना स्टेशन पर नवजात व छोटे शिशुओं की माताओं को सुविधा के लिए शिशु आहार (बेबी फीडिंग) स्तनपान कक्ष बनाया जाय। |
| 10.21 | सलौना स्टेशन पर आर०पी०एफ०सहायता पोस्ट की सुविधा सुनिश्चित किया जाय। जिसे यात्री अपनी चौरी-डैकेती के मामलों को दर्ज करा सकें। |
| 10.22 | सलौना रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म संख्या 01 एवं 02 लो लेवल है जिससे यात्री को ट्रेन में चढ़ने उतरने में असुविधा होती है। अतः पी०एफ० नं० 01 एवं 02 को हाई लेवल प्लेटफार्म बनाया जाय। |
| 10.23 | सलौना रेलवे स्टेशन के पी०एफ० 01 एवं 02 पर रेल यात्रियों को आसानी से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाय, ट्रेन रुकते ही यात्रियों को आसानी से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके इसके लिए वाटर बुथ की व्यवस्था की जाय। |

**11.0 श्री नित्यानन्द राय, माननीय सांसद (लोक सभा), उजियारपुर**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 11.1 | अंगारघाट रेलवे स्टेशन से पश्चिम समपार फाटक वाली सड़क जो अंगारघाट से दलसिंहसराय जाने वाली सड़क जर्जर है। इस सड़क का निर्माण अविलम्ब कराने का कष्ट करेंगे। |
| 11.2 | भगवानपुर देसुआ रेलवे स्टेशन से पूरव समपार फाटक वाली सड़क जो लक्खी चौक से भगवानपुर देसुआ जाती है का निर्माण पूर्ण है पर रेलवे फाटक के पास सड़क की स्थिति जर्जर है उसका निर्माण अविलम्ब कराने का कष्ट करेंगे। |
| 11.3 | सिंघिया घाट रेलवे स्टेशन से पूरब महाथी पंचायत के मह्नैया में हो रहे अंडर पास के निर्माण से वर्षात के समय परेशानी होगी, इसीलिए उसका स्थान परिवर्तन करने का कष्ट करेंगें। |
| 11.4 | सिंघिया घाट रेलवे स्टेशन से पूरब अंडर पास 16B सोनवार चक से रोसड़ा घाट जाने वाली जर्जर सड़क के निर्माण कराने का कष्ट करेंगे। |
| 11.5 | सिंघिया घाट रेलवे स्टेशन से उत्तर सब्जी मंदी वाली सड़क सिंघिया बाज़ार चौक गुमटी संख्या LC 21 C से पश्चिम वाली सड़क रेलवे गुमटी LC 22C तक जाने वाली सड़क जर्जर है, उसका निर्माण अविलम्ब कराने का कष्ट करेंगे। |
| 11.6 | दलसिंहसराय रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल के समय गाड़ी संख्या 53131/53132 सीतामढ़ी सियालदह एक्सप्रेस का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने का कष्ट करेंगे। |
| 11.7 | गाड़ी संख्या 18181/18182 थावे- टाटानगर एकसप्रेस का परिचालन पूर्व की तरह प्रत्येक दिन किया जाए। |
| 11.8 | एक जोड़ी DMU गाड़ी बरौनी जं० से भाया दलसिंहसराय होते हुए पाटलिपुत्र जं० को चलाया जाये। |
| 11.9 | गाड़ी से० 18105/18106 जयनगर- राउरकेला एवं गाड़ी संख्या - 15707/15708 कटिहार - अमृतसर गाड़ी संख्या 15047/15048 गोरखपुर - हावड़ा का ठहराव दलसिंहसराय रेलवे स्टेशन पर किया जाए। |
| 11.10 | गुमटी संख्या 41 एवं 42 के बीच अंडर पास के निर्माण की आवयश्कता है क्योंकि श्रीरामजानकी मेडिकल कॉलेज में अपना ईलाज कराने के लिए जाने में लोगों को बहुत दुरी पारकर जाना होगा यह भी सोनपुर रेल मंडल का है दलसिंहसराय एवं उजियारपुर स्टेशन के बीच आता है यह गुमटी। |

| | |
|---|---|
| 11.11 | श्रीमति शारदा देवी, पति – स्व० अम्बिका राय को मुचिधि/समस्तीपुर द्वारा दिनाक 29-11-23 को बेदानता हॉस्पिटल पटना रेफर किया गया था जहाँ दिनाक 16-01-24 को एम्नोथेरापी किया गया पुनः बुलाया गया है \| Lungs Cancer से पीड़ित है इसे बेहतर इलाज हेतु पुनः रेफर किया जाये \| (Umid Card No. 27625811628) |
| 11.12 | रोसरा, कल्यानपुर, साहपुर, महिसारी चौक निकसपुर, चक्दौलत रेलवे पुल के निचे से होकर वाजितपुर, बेलामेघ होते हुए रामजानकी हॉस्पिटल नर्भोगी को आने जानी वाली मुख्य सड़क पर रेलवे द्वारा पुल के दोनों तरफ गाटर लगाकर इस मुख्य सड़क को बाधित किया गया है जो गुमटी संख्या 41 एवं 42 के बिच आता है यहाँ अंडर पास आवश्यक है। |
| 11.13 | अंगारघाट रेलवे स्टेशन पर एफ0ओ0बी0 का निर्माण कब तक हो जायेगा। |

**12.0 श्रीमती वीणा देवी, माननीया सांसद (लोक सभा), वैशाली**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 12.1 | मोतीपुर स्टेशन पर मोतिहारी बापूधाम से पाटलिपुत्र तक चलने वाली- 15555/56 इंटरसिटी मेमो ट्रेन का मोतीपुर स्टेशन पर ठहराव अत्यंत आवश्यक है। |
| 12.2 | मोतीपुर स्टेशन पर पोरबंदर एक्सप्रेस 16269 अप/16270 डाउन जनसाधारण एक्सप्रेस 15267 अप/15268 डाउन, राप्ती गंगा एक्सप्रेस 15001 अप/ 15002 डाउन पूर्वांचल एक्सप्रेस 15051 अप/ 15052 डाउन मरुआडीह एक्सप्रेस 12537 अप /12538 डाउन का ठहराव मोतीपुर स्टेशन पर अनिवार्य रूप से कराया जाये। |
| 12.3 | मोतीपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 02 पर शहर के रास्ते जाने वाले सड़क को अतिक्रमण कर बंद कर दिया गया है, उसे अविलम्ब चालू कराते हुए सड़क का जीर्णोद्धार कराया जाये। |
| 12.4 | मोतीपुर गुमटी संख्या 121 की चौड़ाई बढ़ाते हुए रोड बनाया जाये। |
| 12.5 | कांटी स्टेशन पर किसी भी मेल एक्सप्रेस या सुपरफ़ास्ट ट्रेन का ठहराव नही है। अंचल कार्यालय, थर्मल पॉवर और विशिष्ट व्यवसायिक गतिविधियों के कारण ये महत्वपूर्ण क्षेत्र है। अतः निम्न ट्रेनों का ठहराव यहाँ अपेक्षित है-<br>(a) 12557/12558 (MFP-ANVT)<br>(b) 15215/15216 (MFP-NKE)<br>(c) 13021/13022 (RXL-HWH)<br>(d) 19270/19269 (MFP-PBR)<br>(e) 15001/15002 (MFP-DDN)<br>(f) 15201/15202 (BUG-PPTA) |
| 12.6 | काँटी स्टेशन पर ट्रेनों का परिचालन को सुगम बनाने और यात्री सुविधा को बेहतर बनाने के लिए यहाँ एक और प्लेटफार्म निर्माण का सुझाव देना चाहूंगी। |

**13.0 डॉ. संजय जायसवाल, माननीय सांसद (लोक सभा), पश्चिम चंपारण, बेतिया**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 13.1 | कुमारबाग और रामगढ़वा रैक पॉइंट पर कोई सुबिधा नही। कोई छोटा कवर क्षेत्र नही है। लोग बोगी के अन्दर काम करते है। |
| 13.2 | बगही गाव रेलवे क्रोसिंग के बाद सेमरा रोड अभी भी बेला रोड काफी नीचे है। अब RCD रोड क्रोसिंग की स्थिति ज्ञात नही है। |
| 13.3 | बेतिया से चनपटिया स्टेशन के बीच गुमटी संख्या 7/C से 8/C तक पीसीसी निर्माण कार्य। |
| 13 4 | ट्रेन संख्या 05507 (रक्सौल –मेहसी) का परिचालन नरकटियागंज से करने से मोतिहारी जिला मुख्यालय से हजारो लोग जुड़ जायेंगे। |
| 13.5 | रामगढ़वा स्टेशन पर आरक्षण काउंटर के साथ पेजल की आपूर्ति तथा यात्री को बैठने के लिया सीट या स्टील बेंच की व्यवस्था एवं रैक पॉइंट पर पर्याप्त लाइट की व्स्था की कार्य स्थिति \| |
| 13.6 | शीतलपुर ढाला RUB से शेड का निर्माण मेरे सांसद निधि से दी गयी राशि में सड़क निर्माण था तो नही हुआ है। |
| 13.7 | बेतिया स्टेशन चौक से बानुछापर जाने वाली पथ का निर्माण कार्य शीघ्र जन हित में पूरा कराया जाये। |
| 13.8 | सुगौली संधि स्थल होने के कारण प्लेट फॉर्म संख्या 01 पर संधि प्रतिक स्थल का निर्माण की स्थिति \| |
| 13.9 | सेमरा स्टेशन के पुरब की तरफ बर्षो से रेलवे गुमटी चालू था लेकिन अब उसे बंद किया जा रहा है \| जिससे आम नागरिको को अत्यधिक कठिनाई हो रही है , उस स्थान पर लाइट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य हो \| |
| 13.10 | बेतिया रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म पर कोच इंडिकेटर लगना अति आवश्यक है \| |
| 13.11 | बेतिया प्लेटफोर्म संख्या- 1 एवं प्लेटफार्म संख्या -02 पर यात्री पी.पी. शेड का निर्माण एक तरफ से दूसरी तरफ हो एवं प्लेटफार्म संख्या-02 पर सामान्य शौचालय एवं मूत्रालय के साथ ही यात्रियों को वैठने हेतु सिटिंग की व्यवस्था हो \| |
| 13.12 | बेतिया स्टेशन पर साफ-सफाई की व्यवस्था में सुधार किया जाए या संवेदक बहाल कर कराया जाए। |
| 13.13 | बेतिया रेलवे स्टेशन चौक से रेल परिसर तक आने वाली PCC सड़क में पानी निकासी का व्यवस्था वित्तीय वर्ष 2023-24 में पुरा होना था का स्थिति। |
| 13.14 | चनपटिया स्टेशन पर यात्री विश्रामालय के साथ VIP यात्रीयों के लिए स्वच्छ विश्रामालय की व्यवस्था के साथ शुद्ध पेय जल की व्यवस्था एवं शौचालय के लिए टंकी द्वारा पानी की सुविधा कार्य की स्थिति। |
| 13.15 | कुमारबाग स्टेशन से मेन रोड़ तक जाने के लिए सड़क का निर्माण कार्य की स्थिति। |
| 13.16 | कुमारबाग स्टेशन पर शुद्ध पयेजल की व्यवस्था एवं यात्री शेड का निर्माण। |
| 13.17 | कुमारबाग स्टेशन पर फुटओवर बीज का निर्माण इंजीनियरिंग कॉलेज को लेकर अति आवश्यक है। foot over brided |
| 13.18 | आदापुर रेलवे स्टेशन का फाटक के तरफ फूट ओवर ब्रिज का extension कब होगा \| |
| 13.19 | रक्सौल स्टेशन के दोनों तरफ ROB की स्थिति की विस्तृत जानकारी। |

| | |
|---|---|
| 13.20 | रक्सौल से मुज्जफरपुर 4:50 बजे सुबह् में जो ट्रेन जाती है उसको 6:30 बजे सुबह किया जाय (ट्रेन नंबर 05288) |
| 13.21 | रक्सौल - मेहसी ट्रेन को नरकटियागंज तक विस्तारित कर दिया जाए। |
| 13.22 | अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को बेतिया के तरफ से नरकटियागंज ले जाया जाए जिससे बेतिया वासियों को भी अयोध्या धाम की सुविधा मिल सके। |
| 13.23 | पंच पोखरिया से आदापुर के बीच में बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुल अर्धनिर्मित है, पाया निकला हुआ है, स्लैव नहीं है एवं ठिकेदार भाग गया है। |
| 13.24 | चनपटिया, मझौलिया, कुमारबाग रेलवे स्टेशन के नए भवन एवं फूट ओवरब्रिज का उद्घाटन \| |
| 13.25 | 55207 कोरोना काल से बंद है पुनः चालू किया जाये। |
| 13.26 | रेल गुमटी संख्या 188 (बाड़ी टोला) पर रेल उपरी पुल से प्रभावित हो रहा है वर्तमान में गुमती के दोनों तरफ से पथ निर्माण बिभाग का प्रयाप्त भूमि उपलब्ध है ज्ञात हुआ है की सड़क की दोनों तरफ असमान रूप से सड़क की मापी हो रही है सड़क के दोनों तरफ बेवसायिक प्रतिष्ठान, मकान होने से बहुत लोग घर से बेघर, बहुत सारे लोग बेरोजगार हो जायेंगे, सड़क के बीचो बीच से मापी करने से किसी को दिक्कत नही होगा \| अतएव सड़क के दोनों तरफ गुमटी से बराबर-बराबर भाग भूमि लेकर पुल का निर्माण अवश्यक है। |
| 13.27 | घोड़ासहन से जयमूर्तिनगर तक मेरा क्षेत्र है, इसे ठीक कर लिया जाय। |
| 13.28 | सगौली ज० पर हमसफर का ठहराव दिया जाय। |
| 13.29 | बेतिया में 18 वर्ष के बेटी का हत्या हुई। मोबाईल छिनने के क्रम में स्टेशन पर उपलब्ध सीसीटीवी खराब पाये गये। सभी सीसीटीवी सुचारु अवस्था में होने चाहिए तथा समय-समय पर इसकी जॉच की जानी चाहिए। |
| 13.30 | सगौली-रक्सौल, दोहरीकरण कब तक पुरा हो जाएगा\| |
| 13.31 | समस्तीपुर से दिल्ली वंदे भारत वाया मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी चलाया जाय। |
| 13.32 | रक्सौल का दोनो आर०ओ०बी० कब तक पुरा हो जाएगा\| |
| 13.33 | रक्सौल को अतिक्रमण मुक्त किया जाय। |
| 13.34 | हाजीपुर-सगौली लाईन कब तक पुरा हो जाएगा\| |

**14.0 श्री दिनेश चन्द्र यादव, माननीय सांसद (लोकसभा), मधेपुरा।**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 14.1 | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सहरसा जं० का चयन तो किया गया, लेकिन राशि बहुत कम है, उसे बढ़ाया जाय इसमें कौन-कौन सी योजना ली गयी है। उसे दुर्तगति से पूरा किया जाय। |
| 14.2 | पटना कोटा एक्सप्रेस एवं पटना बंगलौर एक्सप्रेस का विस्तार पटना से सहरसा तक किया जाय। |
| 14.3 | शहर की घनी आवादी गंगजला में अवस्थित रैक प्वाईन्ट को परमिनिया हाल्ट पर स्थानान्तरित किया जाय, क्योंकि रैक प्वाईन्ट पर माल अनलोड होते समय पर्यावरण दुषित हो जाता है, इसके अगल बगल घनी आवादी के साथ कई शिक्षण संस्थान है। |

| | |
|---|---|
| 14.4 | पूर्व से बने सहरसा के सर्वा ढ़ाला के छपरा टोला तक 0.75 किलोमीटर बाईपास लाईन को पुनर्जिवित किया जाय। |
| 14.5 | सहरसा जं० पर 3 स्टे लाईन का निर्माण कराया जाय। |
| 14.6 | निर्माणाधीन अतिरिक्त वासिंग पीठ का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाय। |
| 14.7 | पटना से सहरसा के बीच रात्रि में एक्सप्रेस गाड़ी चलाई जाय। |
| 14.8 | गाड़ी सं० 13205/06 सहरसा -पाटलिपुत्र जनहित एक्सप्रेस को मधेपुरा होते हुये पूर्णिया जं० तक एवं पाटलिपुत्र से बनारस तक विस्तारीकरण किया जाय। |
| 14.9 | टाटा - कटिहार एक्सप्रेस (वाया बरौनी-नौगछिया) को सप्ताह में दो दिन मानसी -सहरसा-मधेपुरा-पूर्णिया रुट से चलाई जाय। |
| 14.10 | गाड़ी सं० 15001/02 मुजफ्फरपुर - देहरादून राप्तिगंगा एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर में 21 घंटे रुकती है। इसका विस्तार समस्तीपुर-मानसी-सहरसा-मधेपुरा-बनमंखी के रास्ते पूर्णिया जं० तक की जाय। |
| 14.11 | बनमंखी से पटना (वाया-मधेपुरा-सहरसा) के बीच रात्रि में एक्सप्रेस गाड़ी चलाया जाय। |
| 14.12 | पूर्णिया जं० के बीच और भी पैसेन्जर गाड़िया चलाई जाय। |
| 14.13 | सहरसा प्लेटफार्म पर एस्कलेटर की सुविधा दी जाय। |
| 14.14 | बनमंखी/पूर्णिया जं० पर वासिंग पीट का निर्माण करायी जाय। |
| 14.15 | पंचगछिया स्टेशन पर फुट ओवरब्रीज का निर्माण करायी जाय। |
| 14.16 | लहेरियासराय-सहरसा - 100 किलामीटर के रेल लाईन का निर्माण किया जाय। इसका डीपीआर रेलवे बोर्ड में समर्पित किया गया है। |
| 14.17 | बिहारीगंज से सिमरिबख्तियापुर और सहरसा से उदाकिशुनगंज होते भागलपुर तक नये रेल का निर्माण करायी जाय। |
| 14.18 | एन.एच के 107 के सहरसा बाईपास मे ROB निर्माण एवं सिमरीबख्तियारपुर में भी ROB के निमार्ण की स्वीकृति रेल शीघ्र दें। |
| 14.19 | सहरसा में लिफ्ट ROB का शिलान्यांस शीघ्र हो। |
| 14.20 | मेरे द्वारा मेल से भेजे गये मद को सम्मिलित नहीं किया गया। मदों पर चर्चा नहीं हो सकी। |

**15 डा० अशोक कुमार यादव, माननीय सांसद (लोक सभा), मधुबनी**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 15.1 | मधुबनी स्टेशन प्लेटफोर्म संख्या-02 पर महिला शौचालय,पेयजल एवं यात्री शेड का निर्माण \| |
| 15.2 | मधुबनी स्टेशन पर प्रवेश द्वार के पास लगे गाँधी जी प्रतिमा कैंपस एवं स्टेशन का सौंदर्यीकरण कार्य\| |
| 15.3 | पंडौल स्टेशन पर जाने वाली मुख्य पहुँच पथ का निर्माण एवं स्टेशन के बाहर डीलक्स शौचालय एवं स्नान घर का निर्माण \| |
| 15.4 | शहीद सूर्य नारायण सिंह प्लेट फॉर्म का उच्चीकरण एवं सुदृदिकरण कार्य \| |

| | |
|---|---|
| 15.5 | जोगियारा स्टेशन पर आरक्षण केंद्र की सुविधा \| |
| 15.6 | मुरैठा हाल्ट पर प्रकाश, पेयजल,शौचालय एवं यात्री शेड का निर्माण \| |
| 15.7 | कमतौल स्टेशन के गुमटी न०-198 के दोनों तरफ सड़क का निर्माण \| |
| 15.8 | बिजुली हाल्ट पर जाने वाली मुख्य सड़क निर्माण, पेयजल,यात्री शेड एवं प्रकाश की व्यवस्था \| |
| 15.9 | टेकटार स्टेशन पर जाने वाली मुख्य सड़क का निर्माण \| |
| 15.10 | पंडौल से मधुबनी रेल खंड पर गुमटी न०-10 पर आर० ओ० बी० का निर्माण \| |
| 15.11 | मधुबनी से राजनगर रेल खंड पर गुमटी न०-13 पर आर० ओ० बी० का निर्माण \| |
| 15.12 | दरभंगा-सकरी रेल खंड गुमटी न०-29 जो मृतप्रायः है उक्त गुमटी को गोपालपुर में स्थानांतरण किया जाय \| जिससे लोगो को काफी सुविधा मिलेगी क्योंकि गोपालपुर एक तरफ महामार्ग एन० एच० ए० आई० से संपर्कता प्रदान करती है तो तरफ आर० सी० डी० सड़क दरभंगा-सकरी रोड से संपर्कता प्रदान करती है \| |
| 15.13 | दानापुर-जयनगर इंटरसिटी का ठहराव पंडौल स्टेशन पर किया जाय \| |
| 15.14 | शहीद एक्सप्रेस एवं स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस का ठहराव पंडौल स्टेशन पर किया जाय \| |
| 15.15 | उगना हाल्ट पर प्रकाश,शौचालय,यात्री शेड एवं पेयजल की व्यवस्था \| |
| 15.16 | जोगियारा स्टेशन जाने वाली मुख्य सड़क का निर्माण \| |
| 15.17 | मधुबनी में 100 फिट तीरंगा लगाया जाय। |
| 15.18 | मधुबनी स्टेशन परिसर में गाँधीजी की जो प्रतिमा लगी है, उसका सौन्दर्यीकरण किया जाय। |
| 15.19 | जोगियारा में पीआरएस का प्रावधान किया जाय। |
| 15.20 | कोरोना काल में कुछ स्टेशनों पर गाड़ियों को नहीं रोका गया, उसे पुनः ठहराव देने की व्यवस्था करें। |

16 **श्री अजय निषाद, माननीय सांसद (लोक सभा), मुजफ्फरपुर**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 16.1 | माननीय प्रधानमंत्री की योजना अंतर्गत चलायी जाने वाली बन्दे भारत गाड़ी मुजफ्फरपुर से न्यू जलपाईगुड़ी, मुजफ्फरपुर से रांची, मुजफ्फरपुर से हावड़ा एवं मुजफ्फरपुर से लखनऊ के बीच चलायी जाय \| |
| 16.2 | 15515-15516 रक्सौल दानापुर इंटरसिटी फ़ास्ट पैसेंजर का ठहराव परमजीवर-ताराजीवर स्टेशन पर दिया जाय \| |
| 16.3 | सीतामढ़ी एवं मुजफ्फरपुर के बीच एक नई गाड़ी चलायी जाय जिसका मेल मुजफ्फरपुर से पटना जाने वाली 15549/15550 इंटरसिटी एक्सप्रेस से जुड़ सके एवं इसका ठहराव मेरे संसदीय क्षेत्र के परमजीवर-ताराजीवर, बेनीपुरी हाल्ट एवं शहीद जुब्बा सहनी स्टेशन पर दिय जाय \| |

| | |
|---|---|
| 16.4 | प्रस्तावित जोगबनी दानापुर एक्सप्रेस का ठहराव ढोली एवं कुढनी स्टेशन पर दिया जाय | |
| 16.5 | 05275 सहरसा समस्तीपुर मेमू सवारी गाड़ी का विस्तार मुजफ्फरपुर तक किया जाय जिसका ठहराव समस्तीपुर एवं मुजफ्फरपुर के बीच सभी छोटे स्टेशन पर दिया जाय | |
| 16.6 | 13021-13022 (मिथिला एक्सप्रेस) गाड़ी का ठहराव पूर्व की तरह दुबहा,सिहो,सिलौत में दिया जाय | |
| 16.7 | समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर के बीच दौनिक यात्री (कंप्यूटर) गाड़ी दिया जाय | |
| 16.8 | वंदे भारत ट्रेन का परिचालन उत्तर बिहार से किया जाए। |
| 16.9 | गाड़ी सं0 15515, रक्सौल - दानापुर का ठहराव परमजीवर - ताराजीवर स्टेशन पर दिया जाए। |
| 16.10 | विस्तृत एजेण्डा हाथो-हाथ दिया गया। |

**17.0 श्री सुनील कुमार पिंटू, माननीय सांसद (लोक सभा), सीतामढ़ी**

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 17.1 | रेलवे के द्वारा सीतामढ़ी, मेहसौल रेलवे ओवर ब्रिज के कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करने की आवश्यकता है। |
| 17.2 | जयनगर दरभंगा से चलने वाली सुपर फ़ास्ट ट्रेनों में से कुछ ट्रेनों को सीतामढ़ी होते हुए चलाये जाने की आवश्यकता है । जिससे मेरे क्षेत्र के यातायात में बढ़ोतरी होगी और पर्यटन की दृष्टि से भी विकास होगा । |
| 17.3 | रक्सौल, सीतामढ़ी, दरभंगा होते हुए मुंबई के लिए नई ट्रेनों को शुरू किया जाये ताकि लोगो को आने-जाने के लिए ज्यादा विकल्प हो । |
| 17.4 | दरभंगा से मुंबई के बीच चलने वाली एक मात्र ट्रेन पवन एक्सप्रेस को सुपर फ़ास्ट करने की आवश्यकता है । |
| 17.5 | माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा अमृत भारत योजना के अंतर्गत सीतामढ़ी स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने का आदेश जारी किया गया है, जिसकी राशि भी स्वीकृत हो चुकी है एवं शिलान्यास के पश्चात अभी तक कार्य शुरू नहीं किया गया है। इस कार्य को अविलंब शुरू कराना सुनिश्चित करें। |
| 17.6 | सीतामढ़ी से पटना के लिए एक और अतिरिक्त ट्रेन कि आवश्यकता है। क्योंकि जाने और वापसी वाली ट्रेन में यात्रीयों की संख्या अत्यधिक रहती है, इस कारण यात्रीयों को काफी कठिनाई होती है। |
| 17.7 | पहले कि तरह सीतामढ़ी, दरभंगा, रक्सौल पथ पर कम से कम 07 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन किया जाना आवश्यक है इसे सुनिश्चित करें। |
| 17.8 | ज्ञातव्य हो की रात में एक भी ट्रेन का परिचालन नहीं किया जा रहा हैं जिसके कारण यात्रियों को काफी कठिनाई होती है। इस बात को पिछली बैठक में भी रखा गया था इसकी अद्यतन स्थिति से अवगत कराये। |
| 17 .9 | आरक्षित और अनारक्षित टिकट काउंटरों पर भारी भीड़ को देखते हुए काउंटरों की संख्या अविलंब बढ़ाये जाए साथ ही महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और माननीयों के लिए अलग से टिकट काउंटर बढ़ोतरी किया जाए। |
| 17.10 | परसौनी स्टेशन के संपर्क पथ के मरम्मत के संबंध में पिछली बैठक में ज्ञापन दिया गया था। जिसे वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूरा करने की बात कहीं गई थी, इसकी अद्यतन स्थिति से अवगत करावें। (इससे सबंधित नजरी नक्सा संलंग है) |

| | |
|---|---|
| 17.11 | पिछली बैठक में आपके द्वारा आश्वासन दिया गया था कि सीतामढ़ी स्टेशन पर राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) लगाया जाएगा जो अभी तक नहीं लगा है। इसके अद्यतन स्थिति से अवगत कराये। |
| 17.12 | . रेलवे के द्वारा सीतामढ़ी, मेहसौल रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य बहुत धीमी गति से चल रही है। इसे तिव्र गति से कार्य कर जल्द से जल्द संपन्न कराये। जिससे आम जनों को कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। |
| 17.13 | जयनगर, दरभंगा से चलने वाली सुपरफास्ट ट्रेनों में से कुछ ट्रेनों को सीतामढ़ी होते हुए परिचालन किये जाने की आवश्यकता है। जिससे मेरे क्षेत्र के यातायात में बढ़ोतरी होगी और पर्यटन की दृष्टिकोण से भी विकास होगा। |
| 17.14 | रक्सौल, सीतामढ़ी, दरभंगा होते हुए मुंबई के लिए नई ट्रेनों को परिचालन किया जाए ताकि लोगों को आने-जाने के लिए ज्यादा विकल्प उपलब्ध हो। दरभंगा से मुंबई के बीच चलने वाली एकमात्र ट्रेन पवन एक्सप्रेस को सुपरफास्ट करने की आवश्यकता है। |
| 17.15 | अमृत भारत ट्रेन का परिचालन सप्ताह में दो दिन के बदले इसे दैनिक रूप में नियमित किया जाए। |
| 17.16 | बिहार सम्पर्क क्रांति का परिचालन भाया सीतामढ़ी होते हुए दिल्ली (आनंद विहार) तक किया जाए। |
| 17.17 | सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन परिसर में सीता उद्भव झाँकी का भवन बनाया गया है उसका रख-रखाव दैनिक रूप में नियमित किया जाना सुनिश्चित करें। |
| 17.18 | सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन परिसर में पार्किंग के नाम पर भारी अनियमितता बरती जाती है एवं जनता के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, अतः इसे संज्ञान में लेकर अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित करें। |
| 17.19 | विहार सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस को सीतामढ़ी से चलाया जाए। |
| 17.20 | मुजफ्फरपुर-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को सीतामढ़ी तक विस्तार किया जाए। ताकि आम जनों को सुल्तानगंज से गंगा जल प्राप्त हो सकें। |
| 17.21 | फॉग से 3 माह पहले लिच्छवी एक्स0 को बंद कर दिया जाता हैं।<br><br>महाप्रबंधक महोदय:- विजिविलिटि पुउर होने के कारण, उत्तर रेल द्वारा रद्द कर दिया जाता है। मैंने भी रात्री में फूट प्लेटिंग किया, महज 2 से 3 खम्भा भी सही से नहीं दिखता है। |
| 17.22 | सीतामढ़ी को विश्वस्तरीय स्टेशन का दर्जा दिया जाय। |
| 17.23 | दरभंगा - रक्सौल दोहरीकरण का प्रोग्रेस क्या है\| |
| 17.24 | सीतामढ़ी में वाशिंग पिट का निर्माण कराया जाय। |
| 17.25 | मुजफ्फरपुर में जो ट्रेन 10 घंटा तक खड़ी रहती है उसका विस्तार सीतामढ़ी तक किया जाय। |
| 17.26 | सीतामढ़ी स्टेशन परिसर के बाहर जानकी उद्भव की झाँकी लगी है, उसका मेन्टेनेंस नहीं हो पा रहा है, इसे साफ-सुथरा रखा जाय। |
| 17.27 | सीतामढ़ी में 100 फिट तीरंगा लगाया जाय। |

18 श्री संतोष कुमार, माननीय सांसद (लोक सभा), पूर्णिया

| क्रम संख्या | सुझाव |
| --- | --- |
| 18.1 | जानकारी मिली है की 13205/06 जनहित एक्सप्रेस के पूर्णिया कोर्ट तथा विस्तार का प्रपोजल रेलवे बोर्ड में लंबित है \| कृपया रेल और यात्री हित में इसका जल्द अनुमोदन किया जाय \| इसकी मांग में कई वर्षो से लिखित और मौखिक रूप से करता आ रहा हूँ \| |
| 18.2 | 14617/18 जनसेवा एक्सप्रेस जो अभी बनमनखी से अमृतसर के लिए परिचालित है, उसके विस्तारीकरण का पूर्णिया कोर्ट से प्रपोजल भी रेलवे बोर्ड में ही लंबित है \| डी.आर.एम. के स्तर पर पूर्व में भी इसका विस्तार पूर्णिया कोर्ट से करने का आश्वाशन को मूर्त रूप प्रदान किया जाय \| |
| 18.3 | पूर्णिया कोर्ट और जानकी नगर में जानकी एक्सप्रेस और हाटे-बाजारे एक्सप्रेस के ठहराव की मांग काफी पुरानी है \| इस मांग को लेकर जन आन्दोलन भी हो चुका है \| रेल राजस्व और जनहित में इन दोनों ट्रेन का ठहराव आवश्यक है \| |
| 18.4 | पूर्णिया से सहरसा के लिए दोपहर 2:30 बजे के बद रात्रि 9:15 बजे ही ट्रेन की सुविधा है \| जबकि प्रतिदिन हजारो लोग कोर्ट-कचहरी और डॉक्टरी परामर्श के लिए पूर्णिया आते है \| जिन्हें शाम 05 बजे के बाद लौटना होता है \| ऐसे में शाम 5 बजे के बाद पूर्णिया से सहरसा के लिए एक ट्रेन की नितांत आवश्यकता है \| |
| 18.5 | पूर्णिया कोर्ट स्टेशन में वर्ष 2018-19 में पीएच-42 के अंतर्गत वाशिगं-पिट का निर्माण प्रस्तावित था \| जो कतिपय कारणों से आज भी ठन्डे में है \| यंहा से ब्लास्ट डिपो का अन्यत्र स्थानांतरित कर वाशिंग पिट का निर्माण कराया जाय \| |
| 18.6 | दिनांक 27 या 28.01.2024 को बनमंखी स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। |
| 18.7 | जनहित एक्स0 का विस्तार पूर्णिया तक किया जाय। |
| 18.8 | ट्रेन नंबर 14617/18 का विस्तार पूर्णिया कोर्ट तक किया जाए। |
| 18.9 | पूर्णिया कोर्ट एवं जानकी नगर स्टेशन पर जानकी एक्स0 एवं हाटे बजारे एक्स0 का ठहराव दिया जाय। अक्सर वैक्यूम कर दिया जाता है। |
| 18.10 | पूर्णियॉ कोर्ट में वाशिंग पिट का प्रस्ताव था, उसका अद्यतन स्थिति क्या है\| |
| 18.11 | कुर्सेला-बिहारीगंज नई लाईन में कोई प्रगति नहीं दीख रहीं है। |
| 18.12 | अमृत भारत योजना में पूर्णिया कोर्ट एवं बनमंखी स्टेशन को भी शामिल किया जाय। |
| 18.13 | पूर्णियॉ कोर्ट में तीसरी लाईन पर मालगाड़ी लगी रहती है\| यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। 5वॉं लाइन भी बनवाया जाय। |
| 18.14 | पूर्णियॉ कोर्ट से गिट्टी डिपो को शिफ्ट किया जाय क्योंकि इससे झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों को अस्थामा की शिकायते बढ़ रही है। |
| 18.15 | राजरानी एक्स0 का विस्तार पूर्णियॉ कोर्ट तक किया जाय। |
| 18.16 | पूर्णियॉ कोर्ट से दिल्ली एक ट्रेन चलायी जाय। |
| 18.17 | सीमांचल से एक वंदे भारत चलाया जाय। |
| 18.18 | रेलवे फाटक बंद कर दिये जाते हैं, लोगों को घूमकर जाना पड़ता है। आर0यू0बी0 बनाना चाहिए। |
| 18.19 | महाप्रबंधक महोदयः - कोई भी फाटक, स्थानीय प्रशासन, जिलाधिकारी के आदेश के उपरांत ही बंद किया जाता है। |

19. डा० फैयाज अहमद,माननीय संसद (राज्य सभा ), मधुबनी श्री  विष्णु देव सिंह यादव प्रतिनिधि

| क्रम संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 19.1 | मधुबनी से कमतौल तक 30 कि०मी० के नई लाइन के निर्माण के लिए सर्वे कराया जाय \| |
| 19.2 | घोघरडीहा से भलुआरी होते हुए घोघेपुर तक 50 कि०मी०की नई लाइन के लिए सर्वे कराया जाय \| लेकिन 14 वर्ष बीत जाने के बाद भी रेलवे मंत्रालय के द्वारा उक्त जगहों का सर्वे नहीं करा कर रेलवे लाइन का निर्माण नहीं कराया जाना रेल मंत्रालय द्वारा मिथिलांचल का घोर उपेक्षण किया जा रहा है \| |
| 19.3 | दरभंगा से सीतामढ़ी लाइन में शाम साढ़े 6 बजे से सबेरे तक एक भी रेल गाड़ी नहीं चलती है \| जिस कारण उक्त रूट में जाने वाली रेल यात्रियों को दरभंगा स्टेशन पर ही रात गुजारना पड़ता है \| अतः उक्त लाइन पर रात्रि में कम से कम दो नई ट्रेन चलाई जाय \| |
| 19.4 | मधुबनी रेलवे स्टेशन  के उत्तर एवं दक्षिण रेलवे फाटक स्थित रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण अनिवार्य रूप से कराई जाय\| |
| 19.5 | मधुबनी रेलवे स्टेशन से पश्चिम एवं पूरब जर्जर रेलवे की सडक का शीघ्र मरम्मत कराया जाय\| |
| 19.6 | दरभंगा रेलवे स्टेशन के कंगवा गुमती एवं दोनार गुमती स्थित रेलवे का ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाय ताकि शहर वासियों को जाम की समस्या से निजात मिल सके \| |
| 19.7 | कमतौल रेलवे स्टेशन को आदर्श रेलवे स्टेशन बनाया जाय \| |
| 19.8 | जयनगर से दिल्ली जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव दरभंगा से सटे काकरघाटी स्टेशन पर कराइ जाय \| |